


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 129/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, गुरुवार 05 दिसंबर 2024 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in






**भोपाल।** स्टेट प्रेस क्लब के अलंकरण समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बिमल वर्मा (सेवानिवृत्त वाइस एडमिरल), पद्मश्री डॉ. पुरु दाधीच (प्रसिद्ध नृत्य गुरु), ब्रंह्मचारी गिरीश (शिक्षाविद) सुमित अवस्थी (टीवी एंकर), गौतम कोठारी (प्रसिद्ध उद्यमी), शरद सक्सेना डॉ. (फिल्म और शिक्षाविद्), एसपी गौतम (शिक्षाविद्), डॉ. रमेश निर्मल (साहित्यकार), राजीव वर्मा (अनुभवी अभिनेता और थिएटर कलाकार) श्रीमती ज्योति रात्रे पर्वतारोही और एवरेस्ट विजेता) को सम्मानित किया।

## सांध्यप्रकाश विशेष

## सांवलिया सेठ के कृष्ण मंदिर का खुला खजाना, टूटे पुराने सारे रिकॉर्ड



**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में स्थित सांवलिया सेठ के भंडार की गणना का कार्य पूरा हो चुका हैं। अब तक कुल 21 करोड़ 96 लाख 45 हजार रुपयों की गिनती पूरी हो चुकी हैं। यह नया रिकॉर्ड बन गया है।बता दें कि मंदिर में हर महीने चतुर्दशी को दानपात्र खोला जाता है। इस बार दीपावली होने की वजह से दानपात्र नहीं खोला गया था। इस वजह से 2 महीने बाद दानपात्र खुले हैं।

30 नवम्बर को खुले दानपात्र की गिनती बुधवार शाम तक जारी रहीं। बुधवार शाम तक 21 करोड़ 96 लाख 45 हजार रुपए तक गिनती पहुंच गई थी। दान की गिनती बुधवार सुबह 11 बजे राजभोग आरती के बाद प्रारंभ हुई थी जो चौथे राउंड में 2 करोड़ 73 लाख 90 हजार रुपए तक पहुंची थी। यह काउंटिंग सांवलिया सेठ की प्रतिमा के सामने जगमोहन में हुई। इसमें भेंट कक्ष में जमा मनीआर्डर, ऑनलाइन रुपयों का हिसाब करना बाकी हैं। साथ ही सोने-चांदी का तौल जोक अभी बाकी हैं।

### पहले दिन निकले थे 11 करोड़ रुपए

बता दें कि 30 नवम्बर को पहले ही दिन 11 करोड़ 34 लाख 75 हजार रुपए की गिनती हो चुकी थी। दुसरे दिन यानी 1 दिसम्बर को अमावस्या होने की वजह से काउंटिंग प्रोसेस बंद रहा था। 2 दिसम्बर को सुबह से शाम तक 3 करोड़ 27 लाख 80 हजार गिने जा चुके थे। बुधवार को चोथे राउंड में 2 करोड़ 73 लाख 90 हजार रुपए की गिनती हो गई थी। इस तरह अब तक कुल 21 करोड़ 96 लाख 45 हजार रुपयों की गिनती पूरी हो चुकी हैं।

### इस बार रिकार्ड आंकड़ों की उम्मीद

श्री सांवलियाजी मंदिर में खोले गए भंडार से चढ़ावा राशि का एक नया रिकॉर्ड बनना तय है। इस बार 2 महीने में खोले भंडार के 3 चरण की गणना पूरी हो चुकी है और 19 करोड़ 22 लाख रुपये गिने जा चुके हैं। वहीं, गत वर्ष इसी अमावस्या पर करीब 13 करोड़ 86 लाख रुपए का चढ़ावा राशि निकली थी। इस बार 3 दिन और चढ़ावा राशि की गणना की जानी है। ऐसे में अब तक का हाईएस्ट रिकॉर्ड बन जाएगा। श्री सांवलियाजी मंदिर में अब चढ़ावा राशि की गणना का चौथा चरण बुधवार सुबह से हुआ।

सांवलियाजी मंदिर में मंगलवार को की गई गणना के दौरान मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भैरूलाल गुर्जर, सदस्य संजय कुमार मंडोवरा, अशोक शर्मा, शंभूलाल सुथार, संजय मंडोवरा, प्रशासनिक अधिकारी प्रथम शिव शंकर पारीक, प्रशासनिक अधिकारी द्वितीय नंदकिशोर टेलर, संपदा सहायक प्रभारी राधेश्याम अहीर, संस्थापन अधिकारी लेहरी लाल गाडरी, मंदिर प्रभारी राजेंद्र शर्मा, स्टोर प्रभारी मनोहर लाल चौबीसा, सुरक्षा सहायक भारत सिंह के अलावा बैंक कर्मचारी और मंदिर मंडल के कर्मचारी मौजूद रहे।

# महाराष्ट्र में नई सरकार का शपथ समारोह शाम को

## फडणवीस सीएम, शिंदे-अजित डिप्टी सीएम होंगे, मोदी-शाह समेत 2 हजार वीआईपी आएंगे

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव रिजल्ट आने के 13वें दिन यानी गुरुवार को नई सरकार शपथ लेगी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा के अलावा भाजपा और एनडीए शासित







राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उप-मुख्यमंत्रियों समेत 2 हजार वीआईपी को न्योता भेजा गया है। समारोह मुंबई के आजाद मैदान में शाम 5.30 बजे से होगा। राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन शपथ दिलवाएंगे।

भाजपा विधायक दल के नेता देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे। फडणवीस 2014 से 2019 में पहली बार सीएम बने थे। 2019 में अजित पवार की मदद से वो सीएम बने, लेकिन दो दिन बाद ही उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। पिछली एकनाथ शिंदे सरकार में वे डिप्टी सीएम रह चुके हैं। फडणवीस के साथ शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे और एनसीपी अध्यक्ष अजित पवार डिप्टी सीएम पद की शपथ लेंगे। फडणवीस के बाद शिंदे सीएम से डिप्टी सीएम बनने वाले दूसरे नेता हैं। अजित पवार छठी बार उप मुख्यमंत्री बनेंगे। वे महायुति और महाविकास अघाड़ी दोनों गठबंधन में डिप्टी कार्यक्रम में सीएम रह चुके हैं।

## मुख्यमंत्री मोहन यादव दिल्ली रवाना

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव आज दिल्ली रवाना हो गए हैं। वहा वे श्रम शक्ति भवन में



आयोजित बैठक में शामिल हो रहे हैं। दोपहर बाद डा. यादव दिल्ली से मुम्बई के लिए रवाना होंगे, जहां वे महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के शपथ समारोह में शामिल होंगे।

### गडकरी की ठेकेदारों को चेतावनी

## ठीक से काम नहीं किया तो बुलडोजर के नीचे डाल देंगे



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोकसभा में अपने मंत्रालय से जुड़े कार्यों और सदस्यों के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान गडकरी ने सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों पर रोष जाहिर किया। इतना ही नहीं, उन्होंने सड़क परियोजनाओं में कॉन्ट्रैक्टर्स की लापरवाही से लेकर टोल केंद्रों की संख्या को लेकर भी जवाब दिया।

दरअसल, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के सांसद हनुमान बेनीवाल ने लोकसभा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे की खामिया गिनाई थीं और 150 से ज्यादा लोगों की मौत की बात कही थी। नागौर से सांसद ने बताया था कि अकेले दौसा में ही 50 से ज्यादा लोगों की मौतें हुई हैं। उन्होंने एक्सप्रेस-वे पर लगाए गए ठेकेदारों और अफसरों पर कार्रवाई और जांच रिपोर्ट को लेकर केंद्रीय मंत्री से जानकारी मांगी थी।

## संसद सत्र, 8वां दिन- विपक्षी सांसद काली जैकेट पहनकर पहुंचे, अडाणी पर नारेबाजी

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र का गुरुवार को आठवां दिन है। विपक्षी सांसद काली जैकेट पहनकर संसद पहुंचे और गली-गली में शोर है, मोदी-अडाणी चोर हैं के नारे लगाए। संसद की पिछली 7 कार्यवाहियों में संभल हिंसा, मणिपुर हिंसा, किसानों की मांग का मुद्दा और अडाणी मामला सबसे ज्यादा चर्चा में रहा।

विपक्षी सांसदों के साथ राहुल और प्रियंका गांधी भी शामिल हुए। विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी करते हुए ये भी कहा- स्कूल देखो- अडाणी, सड़कें देखो- अडाणी, ऊपर देखो- अडाणी, नीचे देखो- अडाणी के नारे लगाए। राहुल गांधी ने प्रदर्शन के दौरान कहा- आप (सरकार) कभी इन्वेस्टीगेशन कराओगे? आप करा सकते हो अपना ही इन्वेस्टीगेशन? मोदी जी, अडाणी जी की जांच नहीं करा सकते। क्योंकि मोदी, अडाणी की जांच कराएंगे तो अपनी ही जांच कराएंगे। मोदी और अडाणी दो नहीं, एक हैं।



### भाजपा का राहुल गांधी पर बड़ा हमला, देशद्रोही बताया

भाजपा सांसद संबित पात्रा ने एक बार फिर कांग्रेस और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बड़ा हमला बोला। उन्होंने एक खतरनाक त्रिकोण का जिक्र करते हुए राहुल को देशद्रोही तक कह डाला। दरअसल, उन्होंने एक फ्रेंच समाचार पत्र में छपी रिपोर्ट का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि हम आज एक खतरनाक त्रिकोण के बारे में बात करने जा रहे हैं, जो भारत को अस्थिर करने की कोशिश कर रहा है और ऐसे मैं कह सकता हूं कि राहुल देश के सबसे बड़े गद्दार हैं।



पात्रा ने कहा, अगर सदन को छोड़कर सांसद पार्टी कार्यालय में बैठे हैं तो आप गंभीरता को समझ सकते हैं। यह मुद्दा किसी पार्टी का नहीं है, बल्कि देश के संभुप्रता का और एकता का है। हाल ही में खुलासा हुआ कि कुछ ताकतें हैं, जो देश को तोड़ना चाहती हैं। कहीं न कहीं भारत की एकता और संभुप्रता के साथ खिलवाड़ करना चाहती हैं। दो दिसंबर को एक फ्रेंच अखबार ने इसका खुलासा किया है।

उन्होंने यह भी कहा, हम इस खतरनाक त्रिकोण के बारे में बात करने जा रहे हैं जो भारत को अस्थिर करने की कोशिश कर रहा है। इस त्रिकोण में एक तरफ अमेरिका में बैठे जॉर्ज सोरोस का फाउंडेशन है, अमेरिका की कुछ एजेंसियां हैं, दूसरी तरफ ओसीसीआरपी नाम का बड़ा न्यूज पोर्टल है। त्रिकोण के आखिरी और सबसे महत्वपूर्ण कोने में राहुल गांधी हैं। वह सबसे बड़े गद्दार हैं। मैं यह शब्द कहने से डरता नहीं हूं। मुझे लोकसभा के नेता को देशद्रोही कहने में कोई हिचक नहीं है।



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली में माननीय केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल एवं राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भेंट की।

## हेमंत सोरेन कैबिनेट में 11 मंत्रियों का शपथ समारोह



**रांची।** हेमंत सोरेन के सीएम पद की शपथ लेने के 6 दिन बाद गुरुवार को राजभवन के अशोक उद्यान में 11 मंत्रियों का शपथ ग्रहण हो रहा है। राज्यपाल संतोष गंगवार शपथ दिला रहे हैं। नई सरकार में 5 मंत्रियों को रिपीट किया गया है। जबकि, झामुमो और कांग्रेस ने अपने 50 प्रतिशत मंत्रियों को बदला है। खास बात है कि राज्य गठन के बाद पहली बार फारवर्ड कोटे से मंत्री नहीं बनाया गया है।

## पहले दिन नीलामी में रखे गए 93 कैरेट 27 सेंट हीरे, गुजरात के व्यापारी हुए शामिल



**पन्ना।** पहले दिन हीरों की नीलामी में 21 ट्रे के माध्यम से 50 नग हीरे जिनका वजन 93 कैरेट 27 सेंट है, रखे गये है। आज की नीलामी में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र 19 कैरेट 22 सेंट का बड़ा हीरा है। हीरों की नगरी कर नाम से विख्यात मध्यप्रदेश के पन्ना जिले की उथली हीरा खदानों से प्राप्त हीरों की नीलामी कल से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे शुरू हो गई है जिसमें सूरत एवं गुजरात के व्यापारी शामिल होने के लिए आये है। बता दें कि यह नीलामी आगामी तीन दिनों तक चलेगी। नीलामी के पहले आज होने वाली नीलामी में रखे गए हीरों का आक्शन लगाया गया था ताकि व्यापारी इन हीरों को अच्छे परख सके।

## हैदराबाद में फिल्म पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़, 1 महिला की मौत, 3 घायल

**हैदराबाद।** हैदराबाद में अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ मच गई। इसमें 1 महिला की मौत हो गई और 3 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बुधवार रात को संध्या थिएटर में फिल्म की स्क्रीनिंग के लिए अल्लू अर्जुन आए थे। थिएटर के बाहर आरटीसी एक्स रोड पर इकट्ठा हुए फैंस अल्लू अर्जुन से मिलना चाहते थे। इसी दौरान अचानक भगदड़ मच गई। धक्का-मुक्की के कारण कई लोग एक-दूसरे पर गिर गए। कुछ लोग घायल भी हुए। स्थिति को कंट्रोल में लाने के लिए पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज किया। भीड़ कम होने के बाद पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती किया। डॉक्टर ने 1 महिला को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मृतक महिला की पहचान नहीं हो पाई है। 3 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।



## सीएम योगी बोले- अयोध्या में जो बाबर ने किया... वही संभल में हुआ, बांग्लादेश में भी वही हो रहा

**अयोध्या।** 43वें रामायण मेला के उद्घाटन पर अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल हिंसा में शामिल उपद्रवियों पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में जो काम 500 साल पहले बाबर के सिपेहसालार ने किया था, यह आज संभल और बांग्लादेश में हो रहा है।



योगी ने आरोप लगाया कि इन घटनाओं में शामिल उपद्रवियों का डीएनए एक ही है। राम के प्रति श्रद्धा नहीं रखने वालों को दुश्मन की तरह त्याग देना चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संभल और बांग्लादेश की हिंसा की घटनाओं में शामिल उपद्रवियों का डीएनए एक है। यह बाबर के एक सिपेहसालार की तरह व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रभु श्री राम ने भारत को जोड़कर रखा था। अयोध्या की धरती की पहचान भारत वर्ष में प्रभु राम के प्रति श्रद्धा की है।

मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि उन लोगों को अपना कट्टर दुश्मन मानकर त्याग दें, जिनके अंदर भगवान राम और जानकी माता के प्रति श्रद्धा नहीं है।

## नोएडा में धरने पर बैठे 34 किसान गिरफ्तार, पुलिस ने धरना स्थल खाली कराया

**नोएडा।** नोएडा में पंचायत से पहले पुलिस ने 34 किसानों को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार देर रात पुलिस ने जीरो पॉइंट पर धरने के लिए बैठे किसानों को भी हटा दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से किसानों में आक्रोश है।



दरअसल, बुधवार शाम को सीएम योगी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अराजकता कहीं भी बर्दाश्त नहीं होगी। चाहे वो संभल हो या ग्रेटर नोएडा। इसके बाद आनन-फानन में पुलिस ने एक्शन लिया। बुधवार शाम को 123 किसानों को भी पुलिस ने लुक्सर जेल में छोड़ दिया। देर रात ग्रेटर नोएडा के जीरो पाइंट पर पंचायत प्रमुखों की पुलिस अफसरों से बातचीत हुई। इसके बाद पंचायत प्रमुखों ने कहा- आज धरना जीरो पाइंट पर जारी रहेगा। आज संयुक्त मोर्चे की मीटिंग के बाद निर्णय लिया जाएगा कि धरना जीरो पाइंट पर चलेगा या दलित प्रेरणा स्थल पर।

## फ्रांस में 3 महीने में गिरी पीएम बार्नियर की सरकार

**पेरिस।** फ्रांस में 3 महीने पहले बनी पीएम मिशेल बार्नियर की सरकार बुधवार को गिर गई। फ्रांस की संसद में पीएम बार्नियर की सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास हो गया। अब उन्हें अपनी पूरी कैबिनेट के साथ राष्ट्रपति मैक्रों को इस्तीफा सौंपना पड़ेगा।



फ्रांस के 62 साल के इतिहास में पहली बार हुआ है, जब संसद में अविश्वास प्रस्ताव के पास होने के कारण किसी प्रधानमंत्री को सत्ता गंवानी पड़ रही है। संसद में वामपंथी एनएफपी गठबंधन की ओर से पेश अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 331 वोट पड़े, जबकि प्रस्ताव के पास होने के लिए 288 वोट ही काफी थे। 3 महीने पहले ही अपॉइंट किए गए कंजर्वेटिव नेता बार्नियर गुरुवार को इस्तीफा दे सकते हैं। उन्हें फ्रांस के इतिहास में सबसे कम दिनों तक सरकार चलाने वाला प्रधानमंत्री माना जाएगा। बार्नियर ने अविश्वास प्रस्ताव से पहले अपने आखिरी भाषण में कहा था- फ्रांस और फ्रांसीसियों की सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात है।

# पचमढ़ी की रही सबसे सर्द रात

**भोपाल ।** फेंगल तूफान कमजोर पड़ने के बाद अरब सागर में कम दबाव के क्षेत्र में बदल गया है। इसके पश्चिमी दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है। हालांकि इसके प्रभाव से हवाओं के साथ नमी आने के कारण मध्य प्रदेश में ऊंचाई और मध्यम स्तर पर बादल बने हुए हैं। रात का तापमान बढ़ने से फिलहाल कड़ाके की ठंड से कुछ राहत मिल गई है। बुधवार को प्रदेश में रात का सबसे कम 9.7 डिग्री सेल्सियस तापमान टीकमगढ़ में रिकार्ड किया गया। हिल स्टेशन पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस पर रहा। दिन का सबसे अधिक 31.4 डिग्री सेल्सियस तापमान खजुराहो में रिकार्ड किया गया।



### अरब सागर तूफान फेंगल पड़ा कमजोर

मौसम विज्ञानियों के अनुसार अभी दो दिन तक न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में पश्चिमोत्तर भारत के ऊपर जेट स्ट्रीम (12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर पश्चिम से पूर्व की तरफ 268 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार से हवाओं का चलना) बना हुआ है। अरब सागर में तूफान फेंगल कुछ कमजोर पड़ने के बाद मौजूद है।

### रात के तापमान में बढ़ोतरी होने का कारण

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि फेंगल के असर से हवाओं का रुख पूर्वी एवं उत्तर-पूर्वी बना हुआ है। हवाओं के साथ नमी आने के कारण मध्यम स्तर के बादल छाने लगे हैं। इस वजह से पूरे प्रदेश में रात के तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। अभी दो दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहने के आसार हैं।

### उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ पहुंचने की संभावना

सात दिसंबर को एक पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में पहुंचने की संभावना है। उसके प्रभाव से उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी और बारिश हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने के बाद न्यूनतम तापमान में एक बार फिर गिरावट होने लगेगी।

# निजी अस्पतालों को चिकित्सकीय सेवाओं की टैरिफ लिस्ट लगाना अनिवार्य

## नियमित निरीक्षण के दौरान की जाएगी दरों के प्रदर्शित होने की जांच : सीएमएचओ भोपाल

भोपाल । भोपाल के निजी चिकित्सालयों एवं नर्सिंग होम को अस्पताल में दी जा रही चिकित्सकीय सेवाओं की रेट लिस्ट अस्पताल के काउंटर पर प्रमुख स्थल पर प्रदर्शित किए जाने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। सीएमएचओ भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने सभी निजी अस्पतालों को रेट लिस्ट प्रदर्शित करने और दरों में संशोधन होने की लिखित पूर्व सूचना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

सीएमएचओ भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के तहत रोगियों और उनके परिवारजनों के मांगे जाने पर उन्हें रेट लिस्ट दिखाई जाए। साथ ही इस संबंध की सूचना को भी रजिस्ट्रेशन काउंटर पर प्रदर्शित किया जाना होगा। प्रदर्शित सूची के विपरीत शुल्क लेना रोगियों के अधिकार का हनन माना जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने कहा कि मरीजों के अधिकारों और उनके हितों का संरक्षण करना शासन की प्राथमिकता है। अस्पताल प्रबंधन से चिकित्सकीय सेवाओं की दर सूची प्राप्त करना मरीजों का अधिकार है।अस्पताल प्रबंधन का दायित्व है कि उन्हें दर सूची उपलब्ध कराई जाए। जिले में संचालित सभी अस्पतालों और नर्सिंग होम के नियमित निरीक्षण के दौरान लिस्ट के प्रदर्शित होने की जांच की जाएगी। ऐसा न पाए जाने पर संबंधित निजी अस्पताल के विरुद्ध मध्यप्रदेश उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 एवं अधिनियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के प्रावधानों के तहत समुचित कार्यवाही की जाएगी।

# मिठी के श्रेयांश एवं आदित्य ने राज्य-स्तरीय अंडर -11 में स्वर्ण पदक जीता



संत हिरदाराम नगर। 1 एवं 2 दिसंबर को इंदौर में आयोजित राज्य-स्तरीय अंडर -11 रोल बॉल स्केटिंग प्रतियोगिता में मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के कक्षा चैथी के छात्र श्रेयांश कावड़कर एवं तीसरी के छात्र आदित्य श्रेष्ठ भोपाल जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक से सम्मानित हुई। उल्लेखनीय है कि इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में 15 जिलों के लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया था। छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्था सचिव घनश्याम बूलचंदानी, प्राचार्य अजय बहादुर सिंह, उपप्राचार्य दीपा एंथोनी समेत समस्त कॉर्डिनेटर्स एवं शिक्षकगण द्वारा छात्रों को तथा विद्यालय खेल विभाग को शुभकामनाएँ संप्रेषित की गईं।

# इंटक नेता आरडी त्रिपाठी का निधन



**भोपाल निप्र।** मध्यप्रदेश के बड़े कर्मचारी नेता एवं मध्यप्रदेश इंटक के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व इंटक के आल इंडिया महासचिव आर.डी. त्रिपाठी का आज सुबह राजधानी भोपाल में निधन हो गया। उनके निधन के समाचार से कर्मचारी जगत में शोक की लहर है। भेल के कर्मचारी नेता महेश मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका अंतिम संस्कार कल होगा। इसके पूर्व उनके निवास पर अंतिम दर्शनों के लिए शव रहेगा। तत्पश्चात उनकी पार्थिव देह को पिपलानी स्थित इंटक कार्यालय में भी दर्शनों के लिए रखा जाएगा, दोपहर लगभग 1 बजे उनकी अंतिम यात्रा प्रारंभ होगी। सुभाष नगर विश्राम घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। श्री त्रिपाठी के निधन की खबर पर श्रद्धांजलि देने के लिए ताता लगा हुआ। कर्मचारी जगत ने अपने शोक संदेश में कहा कि आर. डी. त्रिपाठी जी के निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। वे श्रमिक जगत के पुरोधा थे और उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उनकी मृत्यु से श्रमिक जगत में एक बड़ा शून्य पैदा हो गया है। उनके जीवन और कार्यों ने श्रमिकों के अधिकारों की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। आर. डी. त्रिपाठी जी एक महान नेता और एक सच्चे समाज सेवक थे। उनकी मृत्यु से हमारे समाज को एक बड़ा नुकसान हुआ है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे पंडित जी को अपने श्री चरणों में स्थान दें और पूरे परिवार को इस गहन दुख से लड़ने की शक्ति दें। उनकी आत्मा को शांति मिले और उनके परिवार को इस दुख से उबरने की शक्ति मिले।

# जिला खाद्य विभाग की बड़ी कार्यवाही

## 46 अवैध गैस सिलेंडर और अन्य उपकरण जब्त

**भोपाल ।** कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार, 2 और 4 दिसंबर 2024 को जिला आपूर्ति नियंत्रक भोपाल के निर्देशन में जिला खाद्य कार्यालय की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर औचक छापामार कार्रवाई की। इस अभियान में सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री अशोका सायथाई, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री सफदर खान, मुबीना कादरी, श्री पुष्पराज पाटिल, श्री हुमायूं हुजूर और श्री मोहित मेधवंशी शामिल थे। कार्यवाही के तहत ऋषि इंटरप्राइजेज अशोका गार्डन, प्रीति होम एप्लायंसेज अशोका गार्डन, न्यू मां अनुसुइया गैस चूल्हा बाग सेवेनिया भोपाल, गायत्री गैस कलेक्शन बाग सेवेनिया भोपाल, आशा गैस चूल्हा रिपेयर्स सेंटर अशोका गार्डन और वासुदेव होम एप्लायंसेज लालघाटी भोपाल की जांच की गई। जांच में 19 घरेलू गैस सिलेंडर (क्षमता 14.2 किग्रा), 04 व्यावसायिक गैस सिलेंडर (क्षमता 19 किग्रा), 23 अमानक गैस सिलेंडर,14 गैस अंतरंग यंत्र और 04 इलेक्ट्रॉनिक तोल कांटे जब्त किए गए। अवैध उपकरण और सिलेंडर के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम,1955 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। जब्त सामग्री और अन्य रिपोर्ट कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत की गई है।



# महामंडलेश्वर रामप्रवेश दास महाराज ने नुक्कड़ वाली माता मंदिर का किया निरीक्षण



संत हिरदाराम नगर। सैनिक कॉलोनी स्थित नुक्कड़ वाली माता मंदिर पर हनुमान जी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन पांच दिवसीय होने जा रहा है। आयोजन की तैयारियों को लेकर गुफा मंदिर महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 राम प्रवेश दास महाराज ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। पंडित रवि पटेरिया ने बताया कि 17 जनवरी से 21 जनवरी तक पांच दिवसीय श्री हनुमान जी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ अन्न, जल, वस्त्र, फल, फूल, अभिषेक, नगर भ्रमण, भंडारा, संत महात्माओं के मार्गदर्शन में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में जगह-जगह से संत, महात्मा और कथा वाचक पहुंचेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव विष्णु विश्वकर्मा, संस्कार स्कूल के सचिव बसंत चेलानी, वार्ड पांच के पार्षद अशोक मारण, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष त्रिलोक, पवन सिंह धाकड़, रामजी ठाकुर, संतोष रघुवंशी, युवराज मीणा, अनिल बाथम, निर्मल सोनी, रूप कुमार सोनी, पंडित नंदू जोशी आदि लोगों ने महाराज जी की अगवाई की आशीर्वाद लिया आशीर्वाद वचन में महामंडलेश्वर ने कहा कि हनुमान जी चारों युग में प्रत्यक्ष रूप से है कलयुग में विशेष रूप से हनुमान जी की कृपा बरसती है।

# रवाना होगी आईआरसीटीसी की भारत गौरव पर्यटक ट्रैन

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आई.आर.सी.टी.सी.) द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रैन का संचालन किया जा रहा है। जो दिनांक 21.01.2025 को इंदौर शहर से ÷महाकुम्भ पुण्य यात्रा÷ के लिए रवाना होगी। यह ट्रैन मध्यप्रदेश के इंदौर, देवास, उज्जैन, रानी कमलापति एवं इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहाँ से यात्री इस ट्रैन पर सवार हो सकेंगे। 05 रातें/06 दिनों की इस यात्रा में प्रयागराज, वाराणसी एवं अयोध्या के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। इसके लिए यात्रियों को महज रु. 19,950/- प्रति व्यक्ति (स्रु- इकॉनामी श्रेणी) एवं रु. 27,700/- प्रति व्यक्ति (३ष्ट - स्टैण्डर्ड श्रेणी) आईआरसीटीसी, इस सर्व समावेशी टूर की पेशकश कर रहा है, जिसमें भारत गौरव ट्रेन के विशेष एलएचबी रेक में आरामदायक रेल यात्रा, ऑन-बोर्ड और ऑफ-बोर्ड भोजन, सड़क परिवहन और गुणवत्तायुक्त बसों में दर्शनीय स्थलों की यात्रा, यात्रा कार्यक्रम के अनुसार आवास की व्यवस्था, यात्रा में टूर एस्कॉर्ट्स, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग की सेवा शामिल है। आईआरसीटीसी पोर्टल पर अलग से महाकुंभ प्रयागराज में आईआरसीटीसी टेंट सिटी की बूकिंग भी की जा रही है। इक्छुक पर्यटक इसकी बुकिंग आई.आर.सी.टी.सी. की वेबसाइट 222.द्बह्लष्ह्लश्चह्वद्धह्यद्ब.ष्थ्द्ब पर ऑनलाइन व अधिकृत एजेंट से भी करा सकते है। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी व बुकिंग के लिए आई.आर.सी.टी.सी. के भोपाल, जबलपुर एवं इंदौर रेल्वे स्टेशन कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित मानकों अनुसार साफ-सफाई व स्वच्छता की अन्य गतिविधियां और बेहतर ढंग से सुनिश्चित करें

**भोपाल**। निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन ने स्वच्छता हेतु जोन, वार्ड स्तर पर तैनात नोडल अधिकारियों, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारियों, प्रभारी सहायक स्वाथ्य अधिकारियों, वार्ड दरोगाओं व डोर-टू-डोर एकत्रीकरण कार्य से संलग्न सुपरवाईजरों की कार्यशाला में कहा कि हमारे सफाई मित्रों व अन्य अधिकारियों के प्रयासों से शहर साफ, सुथरा दिख रहा है इसे और अधिक साफ, सुथरा एवं सौंदर्यीकृत रखना है ताकि हम अपने शहर की स्वच्छता रैंकिंग में और अधिक सुधार कर सके। निगम आयुक्त श्री नारायन ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के लिए निर्धारित मापदण्डों अनुसार शहर में साफ-सफाई व्यवस्था के साथ ही स्वच्छता की अन्य गतिविधियां और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है। कार्यशाला में स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के निर्धारित मापदण्डों, स्वच्छता संबंधी कार्यों की बारीकियों एवं नागरिकों से बेहतर स्वच्छता संवाद के तरीके की जानकारी के साथ ही शहर की साफ-सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन के तहत कचरा पृथक्कीकरण व कलेक्शन, कचरा परिवहन, निष्पादन व भानपुर खंती के साईंटिफिक क्लोजर तथा आदमपुर लैण्डफिल साईट पर बॉयो सी.एन.जी प्लांट एवं टेरफिाईड चारकोल प्लांट, प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन आदि की जानकारी पॉवर पाईंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी गई। कार्यशाला में स्वच्छता संबंधी कार्यों में व्यवहारिक रूप से आने वाली कठिनाईयों व सुधार हेतु सुझाव भी लिए गए तथा बेहतर कार्य एवं बेहतर संवाद हेतु मोटिवेट भी किया गया। कार्यशाला में अपर आयुक्त श्री देवेन्द्र सिंह चौहान, प्रभारी उपायुक्त श्री चंचलेश गिरहरे, अधीक्षणयंत्री श्री उदित गर्ग, सहायक आयुक्त श्रीमती कीर्ति चौहान तथा एस.बी.एम की टीम भी मौजूद थी।

निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के निर्धारित मानकों अनुसार साफ-सफाई एवं स्वच्छता की गतिविधियों की बारीकियों की जानकारी व नागरिकों से स्वच्छता संवाद के तरीके बताने हेतु बुधवार को आयोजित मोटिवेशनल वर्कशॉप में निर्देशित किया कि गीले-सूखे व अन्य प्रकार के कचरे का पृथक्कीकरण और बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने, बैकलेन, ग्रीन बेल्ट, सेंट्रल व साईड वर्ज की बेहतर साफ-सफाई, स्वच्छता संबंधी कार्यों की सबसे प्रारंभिक स्तर से मॉनीटरिंग करने, सड़कों, सार्वजनिक स्थलों की सफाई एवं त्वरित गति से कचरा उठवाने और कहीं भी जी.वी. पॉइंट न बनने देने, जी.वी.पाईंट के आसपास के नागरिकों से संवाद व समन्वय कर जी.वी.पाईंट्स को विलोपित करने, सम्पत्ति विरूपण की कार्यवाही करने एवं दीवार लेखन पर पुताई कराने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने सेंट्रल वर्ज, साईड वर्ज सहित अन्य हरित क्षेत्रों की बेहतर ढंग से साफ-सफाई कराने एवं हरित क्षेत्र को संधारित रखने, कचरा न जलाने और कचरा जलाने व कचरा, गंदगी, सी.एण्ड.डी वेस्ट फैलाकर साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध सख्ती से जुर्माना/स्पॉट फाईन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। दो सत्रों में आयोजित कार्यशाला के पहले सत्र में जोन क्र. 01 से 11 तक तथा द्वितीय सत्र में जोन क्र. 12 से 21 तक के जोनल व वार्ड नोडल अधिकारी, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी, प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारीगण, वार्ड दरोगा एवं डोर-टू-डोर कचरा एकत्रीकरण से संलग्न सुपरवाईजर सम्मिलित हुए। निगम आयुक्त श्री नारायन ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में निर्धारित मापदण्डों अनुसार साफ-सफाई एवं स्वच्छता की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए साथ ही कचरे का पृथक्कीकरण अनिवार्य रूप से करते हुए गीला-सूखा, जैविक, मेडिकल व सेनेटरी वेस्ट को शत्-प्रतिशत घरों से अलग-अलग एकत्र करने और अलग-अलग ही परिवहन कर कचरा निष्पादन स्थलों तक पहुंचाने की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री नारायन ने सिटी प्रोफाइल संबंधी कार्यों को भी तेज गति से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री नारायन ने निर्देशित किया कि सड़कों, सार्वजनिक स्थलों पर बेहतर ढंग से साफ-सफाई सुनिश्चित कराए और कचरा व धूल-मिट्टी को तत्काल उठवाने की व्यवस्था भी त्वरित गति से कराई जाए।

## सिर्फ बाजार नहीं, हजारों लोगों से मेल मिलाप कराने वाला स्थल है मेला

# भोजपाल महोत्सव मेले में बॉलीवुड नाइट में कलाकारों ने दी सुमधुर गीतों की प्रस्तुति





**भोपाल.** राजधानी के भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेला में बुधवार को आउट ऑफ द बॉक्स म्यूजिकल ग्रुप द्वारा सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह और विशिष्ट अतिथि प्रांत सहसंयोजक लोकेंद्र मालवीय ने दीप प्रज्जवलित कर की। इस मौके पर मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास विरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। अतिथियों ने कहा कि मेला सिर्फ बाजार नहीं, बल्कि हजारों लोगों से मेल मिलाप कराने वाला स्थल है। जिन लोगों से वर्षों तक नहीं मिल पाते हम उन लोगों से मेल में मिल जाते हैं। मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर के संवाहक भी हैं। यहां विभिन्न तरह की दुकानें, मनोरंजन के साधन होते हैं। मेला लोक जीवन और लोक संस्कृति के रंगस्थल होते हैं। इनमें धर्म, संस्कृति, साहित्य, व्यावसायिकता, कला, मनोरंजन, लोक नृत्य और लोक गीत आदि का समागम होता है।

### सा रे गा मा प लिटिल चैम्प की प्रस्तुति रविवार को

रविवार को मेला मंच पर आयोजित होने वाले बॉलीवुड नाइट में इंडियन आइडल फेम नितिन कुमार अपनी प्रस्तुति देंगे। हिमाचल प्रदेश के चिंतपूर्णी के रहने वाले नितिन कुमार ने अपने पिता की वजह से गायन की शुरुआत की। 2011 में 14 साल की उम्र में नितिन को सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स के लिए चुना गया, जिसमें वे प्रथम रनरअप रहे। 2018 में इंडियन आइडल 10 के लिए चुने गए। नितिन कुमार कच्चे धागे मूवी में तेरे नाल बिताए गीत गा चुके हैं। वहीं शनिवार को सूफी नाइट में मुंबई के तेजस द सूफी बैंड के रंगीला ब्रदर्स द्वारा सूफी गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

मेला अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि मेले में रोजाना बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक और सांस्कृतिक आयोजन किए जा रहे हैं। मेला मंच पर विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जा रही है। मेला मंच पर स्थानीय और उभरते कलाकारों को भी मौका दिया जा रहा है, ताकि वे अपनी प्रतिभा को निखर सकें।

### मेले में सुरक्षा के साथ मनोरंजन

मेले में आने वाले शहरवासियों को यहां सुरक्षा के साथ मनोरंजन करने का मौका मिल रहा है। पूरा मेला परिसर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में है। मेले में लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी, स्वास्थ्य शिविर, दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए व्हीलचेयर के साथ ही बेहतर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। 60 से ज्यादा छोटे बड़े झूले हैं। रफ्तार की दुनिया का देश का सबसे बड़ा झूला रोलर कोस्टर, टॉवर, रेंजर, ऑक्टोपस, ब्रेक डांस और चांद तारा रोमांच भर रहे हैं।

### 70 के दशक के झूले पर ले रहे सेल्फी

मेला परिसर में बनाया गया ट्रेडिशनल सेल्फी जोन लोगों की पसंद बना हुआ है। यहां 70 के दशक का फिल्म शोले में दिखाया गया लकड़ी का झूला लगाया गया है। इस झूले पर बैठकर मेला घूमने आने वाले लोग परिवार और मित्रों के साथ सेल्फी लेकर इस पल को यादगार बना रहे हैं। यहां लगाई गई सरकार के योजनाओं की प्रदर्शनी भी लोगों को भा रही है। लोग यहां पहुंचकर सरकारी योजनाओं की जानकारी ले रहे हैं।

### 3 शो दिखा रहा द ग्रेट जैमिनी सर्कस

मेले में चल रहा द ग्रेट जैमिनी सर्कस देखने बड़ी संख्या में परिवार के साथ शहरवासी पहुंच रहे हैं। तीन शो में चल रहे सर्कस में रशियन और अफ्रीकन कलाकार एक से बढ़कर एक हैरत अंगेज करतब दिखा रहे हैं। मेले में लगाए गए जंगलबुक शो में बच्चे नदी, पहाड़, झरना के साथ मोंगली और उसके दोस्तों को देख कर काफी खुश हो रहे हैं।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सूचित हो कि मैं राजीव गोहिल आयु 63 वर्ष निवासी F-77, ऐ.जी. क्लासिक, कोलार रोड, अपना नाम परिवर्तन कर राजीव शंकर गोहिल कर रहा हूं। अब से मैं इसी नाम से जाना जाऊंगा।

**राजीव शंकर गोहिल.**



# मध्य प्रदेश रत्न अलंकरण समारोह आयोजित



## राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं शंकराचार्य वासुदेवानंद ने किया हस्तियों को सम्मानित

**भोपाल।** आज राजधानी भोपाल में मध्य प्रदेश रत्न अलंकरण समारोह का आयोजन रविन्द्र भवन में किया गया, जिसमें अलग अलग क्षेत्रों के प्रतिभावान हस्तियों को सम्मानित किया गया। सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल मंगु भाई पटेल और जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती द्वारा प्रदान किया गया। अलंकरण समारोह में सम्मानितों में बिमल वर्मा (सेवानिवृत्त वाइस एडमिरल) पद्मश्री डॉ. पुरु दाधीच (प्रसिद्ध नृत्य गुरु) सुमित अवस्थी (टीवी एंकर और एनडीटीवी पत्रकार) गौतम कोठारी (प्रसिद्ध उद्यमी) शरद सक्सेना डॉ. (प्रशंसित फिल्म और (प्रख्यात शिक्षाविद्) थिएटर अभिनेता) एसपी गौतम (प्रतिष्ठित शिक्षाविद्) डॉ रमेश निर्मल [प्रख्यात लेखक एवं साहित्यकार) राजीव वर्मा (अनुभवी अभिनेता और थिएटर कलाकार) श्रीमती ज्योति रात्रे पर्वतारोही और एवरेस्ट विजेता शामिल है। समारोह में आयोजक मध्यप्रदेश प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ. नवीन आनंद जोशी, महासचिव नितिन वर्मा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।























# छात्रों और स्वास्थ्य सेवाओं के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें: उप मुख्यमंत्री शुक्ल



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में मध्यप्रदेश फार्मेसी, पैरामेडिकल और नर्सिंग काउंसिल की समीक्षा की। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण, परिषदों की कार्यप्रणाली में सुधार की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों पर विस्तार से चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी प्रक्रियाएं पारदर्शिता और गति के साथ पूरी हों, जिससे छात्रों और स्वास्थ्य सेवाओं के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा सके। प्रक्रिया में तेजी लाने के लिये टेक्नोलॉजी का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए पारदर्शिता, गति और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बैठक में परिषदों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**सुटेबल कॉलेजों में भर्ती प्रक्रिया के लिए 15 दिसंबर तक पूर्ण करें कार्रवाई-** नर्सिंग काउंसिल की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 468 आवेदक संस्थानों में से 202 मापदण्डों अनुसार सुटेबल हैं जांच पूरी हो चुकी है, जबकि 97 संस्थान डेफिशिएंट हैं। मानकों की कमी के कारण प्रक्रिया लंबित है। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि लंबित संस्थानों की समीक्षा शीघ्र पूरी की जाए। मापदंडों अनुसार सुटेबल पाए गये कॉलेज में नर्सिंग छात्रों की भर्ती प्रक्रिया के लिए आवश्यक कार्रवाई 15 दिसंबर तक पूर्ण करें। उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार अस्पतालों में बेड आवंटन और मान्यता प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा करने के लिए अधिकारियों को तैयार रहने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में नर्सिंग कोर्स के विद्यार्थियों की परीक्षाओं के संचालन कैलेंडर की वृहद् समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सरकार छात्रों के भविष्य के प्रति संवेदनशील है। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश से छूट मिलने के बाद उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल के निर्देशानुसार नर्सिंग के विभिन्न कोर्स के छात्रों की परीक्षाओं के संचालन का कैलेंडर तैयार किया गया है और परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। इससे नर्सिंग के विभिन्न कोर्सेज के 90 हज़ार विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।

**नर्सिंग के47 हज़ार से अधिक अभ्यर्थियों की परीक्षाएँ हो चुकी हैं आयोजित-** श्री शुक्ल के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश नर्सिंग काउंसिल द्वारा विभिन्न नर्सिंग पाठ्यक्रमों की लंबित परीक्षाएँ आयोजित की गयी हैं। जिनमें 47 हज़ार से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि शेष लंबित परीक्षाओं को शीघ्र आयोजित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता बनी रहे। कैलेंडर बाधित न हो।

# प्रदेशवासियों को सस्ती व प्रदूषण मुक्त बिजली उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रधानमंत्री श्री मोदी के लक्ष्य के अनुरूप 2030 तक 50 प्रतिशत ऊर्जा की आपूर्ति नवकरणीय संसाधनों से होगी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेशवासियों को सस्ती और प्रदूषण मुक्त बिजली उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सौर तथा पवन ऊर्जा सहित नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के सभी स्रोतों को प्रदेश में हर संभव प्रोत्साहन प्रदान किया जाए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2030 तक 50 प्रतिशत ऊर्जा खपत की आपूर्ति नवकरणीय ऊर्जा संसाधनों से करने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश में राज्य सरकार इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस क्षेत्र में निजी निवेशकों को भी हर संभव सहयोग दिया जाए। प्रधानमंत्री सूर्य घर तथा प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना से अधिक-से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए नगरीय निकायों, रहवासी संघों तथा कृषकों के साथ मिलकर अभियान चलाया जाए।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में नवीन एवं नवीनकरणीय मंत्री श्री राकेश शुक्ला, सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप , मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, श्री मनु श्रीवास्तव तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**प्रदेश की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता में 14 गुना वृद्धि हुई-** बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता में पिछले बारह वर्षों में 14 गुना वृद्धि हुई है। वर्तमान में सौर ऊर्जा की प्रति उत्पादन दर प्रति यूनिट दो रुपए 50 पैसे लगभग आ रही है, जो कोयला आधारित ऊर्जा से तुलनात्मक रूप से किफायती है। सौर ऊर्जा के संबंध में प्रधानमंत्री श्री मोदी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए मुरैना, आगर, धार, अशोकनगर, शिवपुरी, सागर इत्यादि में सौर पार्क स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। आगर, शाजापुर और नीमच की नवकरणीय सौर ऊर्जा परियोजनाएं तथा ओंकारेश्वर स्थित विश्व की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सौर परियोजना तैयार हो चुकी हैं। मुरैना में हाईब्रिड वृहद नवकरणीय ऊर्जा परियोजना भी निर्माणाधीन है। इसके प्रथम चरण में सुबह और शाम के पीक समय के दौरान प्रदेश को सुनिश्चित आपूर्ति के लिए 600 मेगावाट सोलर के साथ ही स्टोरेज की सुविधा भी उपलब्ध होगी। यह परियोजना 2027 तक पूर्ण होगी।

### किसानों को दिन के समय बिजली उपलब्ध कराने के लिए सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करना जरूरी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य की ऊर्जा का 41 प्रतिशत उपभोग किसानों द्वारा किया जाता है। किसान दिन के समय बिजली का उपभोग कर सकें, इस उद्देश्य से सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करना जरूरी है। उन्होंने सभी शासकीय भवनों पर मिशन मोड में सोलर रूफटॉप स्थापित करने के लिए समय- सीमा निर्धानित करते हुए समन्वित रूप से कार्य योजना लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय,स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग भवनों पर भी सोलर रूफटॉप प्राथमिकता से लगाए जाएं। इससे इन विभागों की इकाइयों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव से परमवीर चक्र विजेता योगेन्द्र सिंह यादव ने भेंट की



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आज मंत्रालय में परमवीर चक्र विजेता, कारगिल युद्ध में टाइगर हिल के हीरो श्री योगेन्द्र सिंह यादव ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री योगेन्द्र सिंह यादव को अंगवस्त्रम और सांची की प्रतिमा भेंट कर अभिनंदन किया।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव से राज्यसभा सांसद श्रीमती सुधा मूर्ति ने भेंट की

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आज मंत्रालय में राज्यसभा सांसद एवं द मूर्ति ट्रस्ट की चेयरपर्सन श्रीमती सुधा मूर्ति ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीमती मूर्ति का अंगवस्त्रम भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुप्रसिद्ध लेखिका, शिक्षाविद और समाज कल्याण को समर्पित श्रीमती सुधा मूर्ति को प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास के लिए जारी जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी दी।

# विद्युत गृह बिरसिंगपुर की 500 मेगावाट की यूनिट ने लगातार 200 दिन उत्पादन का बनाया नया रिकार्ड

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर की 500 मेगावाट की यूनिट नंबर 5 ने 200 दिन लगातार विद्युत उत्पादन करने नया रिकार्ड बनाया। इससे पूर्व इस यूनिट ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में 178 दिन लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड दर्ज किया था।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई ने संजय गांधी ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 5 के अभियंताओं व कार्मिकों को बधाई दी। उन्होंने यूनिट के अभियंताओं व कार्मिकों की सराहना करते हुए कहा कि समर्पण, कड़ी मेहनत व प्रतिबद्धता से लक्ष्य अर्जित करने का यह सर्वश्रेष्ठ व अनुकरणीय उदाहरण है।

संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर की 500 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 5 ने इस वर्ष 17 मई से लगातार संचालित रहते हुए गत दिवस 200 दिन लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया। यूनिट ने 98.09 फीसदी प्लांट उपलब्धता फेक्टर (पीएएफ), 93.75 फीसदी प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) व यूनिट ने 5.81 प्रतिशत की ऑक्जलरी कंजम्पशन (एपीसी) की उपलब्धि हासिल की। यह यूनिट वर्तमान में भी सतत् विद्युत उत्पादन कर रही है। यह यूनिट 27 अगस्त 2008 को क्रियाशील हुई थी।

**500 मेगावाट की इकाई ने पिछले वर्ष बनाया था अधिकतम विद्युत उत्पादन का रिकार्ड-** संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर की 500 मेगावाट क्षमता कि इकाई क्रमांक पांच ने पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 3927.6 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन एवं 89.7 प्रतिशत पीएलएफ अर्जित करते हुए अभी तक का सर्वाधिक विद्युत उत्पादन व सर्वाधिक पीएलएफ अर्जित करने का रिकार्ड कायम किया था।

स म्पा द की य

# फडणवीस की वापसी के मायने

महाराष्ट्र में वो नहीं हुआ, जो मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हुआ था। सवाल तो चर्चाओं में होना स्वाभाविक हैं, क्या वास्तव में पार्टी नेतृत्व महाराष्ट्र में भी प्रयोग करना चाह रहे थे और नहीं कर पाए? क्या नेतृत्व को अपना फैसला वापस लेना पड़ा? सच परदे में रहेगा या बाहर आएगा, यह तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन महाराष्ट्र में फडणवीस की वापसी के बहुत सारे मायने निकाले जा रहे हैं।

देखा जाए तो भाजपा ने एक तरह से महाराष्ट्र में फडणवीस के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ा था। यही नहीं, पूर्व पार्टी अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी तक को हाशिए पर भेज दिया गया। नारा चला हो या अन्य प्रकार का मैनेजमेंट, भाजपा को महाराष्ट्र में प्रचंड बहुमत मिला और इसके बावजूद फडणवीस को मुख्यमंत्री पद हासिल करने के लिए खासी जद्दोजहद करनी पड़ी। भाजपा के प्रदर्शन में फडणवीस खुद भी अपने योगदान का दावा कर रहे हैं। वे चुनाव-प्रचार अभियान के दौरान पार्टी का मुख्य चेहरा थे और उन्होंने राज्य के सभी छह क्षेत्रों में 64 रैलियां कीं।

इसके साथ ही स्वयंसेवक संघ से उन्हें अटूट समर्थन भी मिला। संघ की तरफ से तो भाजपा अध्यक्ष के लिए भी फडणवीस के लिए सहमति थी। मुख्यमंत्री के रूप में नाम तय होने के बाद फडणवीस ने सबसे पहले संघ मुख्यालय में ही फोन लगाया। संघ इस बात पर अड़ा हुआ



था कि भाजपा को कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा रखने के लिए इस बार मुख्यमंत्री पद के लिए किसी लो-प्रोफाइल चेहरे को नहीं चुनना चाहिए और फडणवीस ही इस पद के लिए उसकी पहली पसंद हैं।

माना तो यही जा रहा है कि मोदी-शाह संघ से मिले इस संदेश को नजरअंदाज नहीं कर सके, क्योंकि संघ के असहयोग की कीमत भाजपा को लोकसभा चुनावों में चुकानी पड़ी थी। हरियाणा और महाराष्ट्र में भाजपा की किस्मत में अचानक आए बदलाव से यह स्पष्ट था कि संघ ने चुनावों में अपनी पूरी ताकत लगाई। यहां कई तरह के प्रबंधन भी किये गये, जो भाजपा चुनावों में करती है, लेकिन संघ ने कटेंगे-बंटेंगे नारे को बड़ा मुद्दा बनाया और जातिगत समीकरणों को छिन्न-भिन्न कर दिया।

दिलचस्प यह है कि शाह ने पहले दौर की वार्ता के लिए फडणवीस और अजित पवार से मिलने से पहले एकनाथ शिंदे के साथ आमने-सामने की बैठक की थी। और यहीं से समस्याएं शुरू हुईं। शिंदे ने मुख्यमंत्री पद के लिए अपना दावा इस आधार पर पेश किया कि उन्होंने अपने विकास कार्यक्रमों और कल्याणकारी योजनाओं-खास तौर पर महिलाओं में लोकप्रिय लाड़की बहिन योजना के साथ महायुति की जीत में बराबर का योगदान दिया है। शिंदे को पता था कि महाराष्ट्र में जिस तरह के आंकड़े सामने आए थे, उनके मद्देनजर उनके पास अपनी दावेदारी को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त साधन नहीं थे।

भाजपा और अजित पवार के पास शिंदे के बिना भी सरकार बनाने के लिए बहुमत था। लेकिन उन्हें दिल्ली के राजनीतिक मूड का अंदाजा था। उन्हें पता था कि मोदी-शाह की जोड़ी महायुति की व्यापक जीत के बाद उसमें एकता बनाए रखने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने को तैयार है और उन्होंने उसी हिसाब से अपना खेल खेला। माना यही जा रहा है कि शिंदे को मनाने में दस दिन लग गए, और यह अवधि फडणवीस को अखरती रही होगी। लेकिन उन्होंने धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा की साथ ही अनुशासन का अच्छा उपयोग किया। उन्होंने अपने लिए जोरदार पैरवी भी की, लेकिन चुपचाप।

यह उस पैटर्न से अलग है, जो हाल के वर्षों में मोदी-शाह की जोड़ी द्वारा भाजपा द्वारा जीते गए राज्यों में अपेक्षाकृत अज्ञात नेताओं को मुख्यमंत्री बनाने में दिखाई दिया था। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ की तरह महाराष्ट्र यह प्रयोग नहीं हो सका। और अब फडणवीस, अमित शाह और योगी आदित्यनाथ के साथ अगली पीढ़ी के नेताओं की उभरती हुई पंक्ति में शामिल हो गए हैं। इसमें हालांकि नितिन गडकरी भी शामिल हैं, लेकिन उन्हें कहीं न कहीं नेतृत्व द्वारा नजरअंदाज करने की रणनीति अपनाई जा रही है।

लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा कमजोर पड़ती दिखाई दे रही थी, लेकिन हरियाणा की जीत के बाद उसके प्रबंधन का डंका फिर से बज गया और अब महाराष्ट्र की जीत ने न केवल भाजपा के मनोबल को आसमान पर पहुंचा दिया है, अपितु विपक्षी गठबंधन कमजोर होता दिखाई देने लगा है। महाराष्ट्र चुनाव में भाजपा का नारा चला या दूसरे प्रबंधन, इस पर चर्चा भले ही हो रही है, आरोप-प्रत्यारोप भी लगाए जा रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से यह देखने में आ रहा है कि मतदाता भी कहीं न कहीं हार-थक कर सब स्वीकार करने का आदी होता जा रहा है। निश्चित तौर पर विपक्ष को इसके लिए अपनी रणनीति में तो परिवर्तन करना ही होगा, साथ ही सत्तापक्ष के मैनेजमेंट से भी सीख लेनी होगी।

जहां तक भाजपा की बात है, तो फडणवीस की केवल महाराष्ट्र में ही वापसी नहीं हुई है, वह पार्टी की पहली कतार के नेताओं में शुमार हो गए हैं। मोदी-शाह के बाद उनके विकल्प के तौर पर नेताओं की सूची में उनका नाम भी शामिल हो गयाा है।

# अडानी मुद्दे पर, नादानी से बटा विपक्ष

**सरयूसुत मिश्रा**

बहुत दिनों बाद संसद चली, सर्व दलीय बैठक हुई, संविधान पर चर्चा की सहमति बनी, विपक्षी गठबंधन ने अडानी का मुद्दा छोड़ दिया, राहुल गांधी के एजेंडे पर विपक्ष बंटा दिखा. अडानी पर भ्रष्टाचार के पेशकश के आरोपों में जो सरकारें विवाद में हैं, वह सब गैर भाजपा शासित हैं.

विपक्षी गठबंधन की सरकारों में अडानी समूह के पूंजी निवेश और व्यापार के कारण उस समूह को अनैतिक और संदिग्ध बताने की कांग्रेस की कोशिशें पर मजबूरी में विराम लगाना पड़ा. तृणमूल कांग्रेस, वाम मोर्चा और यहां तक की सपा भी अडानी मुद्दे से किनारा करने लगी. राहुल गाँधी भले ही इस मुद्दे पर अपनी जिद पर अड़े रहें लेकिन इससे उनकी गठबंधन राजनीति ज़रूर अटक सकती है.

महाराष्ट्र की जीत के बाद बीजेपी का जोश हाई है. कांग्रेस के हालात चुनाव दर चुनाव खराब होते जा रहें हैं. संविधान पर फेक नेरेटिव भी एक्सपोज़ होता जा रहा है. अब जब संसद में संविधान के 75 साल पर चर्चा होगी, तो निश्चित रूप से निशाने पर कांग्रेस ही होगी. संविधान में सर्वाधिक संशोधन कांग्रेस की सरकारों के कार्यकाल में ही किए गए हैं. यहां तक कि संविधान की प्रस्तावना में भी बदलाव किया गया है.

इमरजेंसी का काला अध्याय तो, कांग्रेस को हमेशा से ही परेशानी में डालता रहा है. जम्मू कश्मीर में बीजेपी सरकार द्वारा धारा 370 हटाने के बाद, केंद्र शासित प्रदेश के रूप में बनी पहली कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस गठबंधन की सरकार द्वारा इसके खिलाफ़ विधानसभा में प्रस्ताव पर भी कांग्रेस का घिरना निश्चित है.

आने वाले वक्त में दिल्ली और बिहार में विधानसभा के चुनाव संभावित हैं. इन दोनों राज्यों में वैसे ही कांग्रेस की संभावनाएं गठबंधन पर टिकी हुई थीं. दिल्ली में तो आम आदमी पार्टी से गठबंधन समाप्त हो गया है. बिहार में भी जनता दल के साथ गठबंधन में कई गांठें उभर गई हैं.

बैलेट पेपर पर चुनाव की मांग भी कांग्रेस के लिए प्रतिगामी खबर ही साबित होगी. संविधान पर चर्चा के दौरान जाति जनगणना का मुद्दा भी छाया रह सकता है. आरक्षण तो संविधान का सबसे महत्वपूर्ण सियासी दांव है. इस पर भी केंद्र सरकार विपक्ष के फेक नेरेटिव पर अपना संवैधानिक कमिटमेंट संसद में रख सकती है.



वक्फ बोर्ड संशोधन कानून पर जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाया जा चुका है. इसलिए इस सत्र में इस पर विवाद की संभावना नहीं बन रही है. संविधान पर चर्चा सरकार के लिए एक सकारात्मक अवसर होगा, तो कांग्रेस निश्चित रूप से चर्चा में फंसेगी.

राहुल गांधी कांग्रेस कार्य समिति में पार्टी की विचारधारा में स्पष्टता की जरूरत बताते हैं, लेकिन उनके मुद्दे वैचारिक से ज्यादा वैयक्तिक प्रवृत्ति के दिखाई पड़ते हैं. अडानी-अंबानी को लेकर उन्होंने जिस तरह का रवैया अपनाया उसको ना जनता द्वारा पसंद किया गया और ना ही उद्योग जगत में उस पर भरोसा किया गया. न्यायिक मामलों में सियासी गतिविधियों को हमेशा अविश्वास की नजर से ही देखा जाता है.

अडानी मामले पर भी चर्चा की जाए तो जिन राज्यों में रिश्वत देने की पेशकश की गई है, उनमें आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और छत्तीसगढ़ शामिल हैं. जिस मुद्दे को न्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत ही सीमित रखना चाहिए था, उसे राहुल गांधी ने ऐसा सियासी रंग दिया, कि अब कांग्रेस और उनके गठबंधन दलों की सरकारें ही उससे घिर गई हैं.

कांग्रेस को इस बात का उत्तर जरुर देना पड़ेगा, कि उनकी सरकार में अगर रिश्वत की पेशकश की गई है, इसका मतलब स्पष्ट है, कि कांग्रेस की सरकारों ने अडानी समूह के साथ व्यापार किया है. जिस समूह को राहुल गांधी करप्ट और अनैतिक स्थापित कर रहे हैं, उस समूह के साथ व्यापार करने की जिम्मेदारी से कांग्रेस की सरकारें मुक्त नहीं हो सकतीं.

सार्वजिनक जीवन में कोई भी मुद्दा उतना महत्वपूर्ण नहीं होता जितना महत्वपूर्ण उसे उठाने वाला होता है. अगर ऐसा मुद्दा उठाया जाए जिसे बाद में अपने आप मजबूरी में छोड़ना पड़े तो फिर इससे नेता की विश्वसनीयता पर संकट खड़ा हो जाता है.

महाराष्ट्र चुनाव के समय राहुल गांधी ने तिजोरी के जरिए पीएम मोदी और अडानी के पोस्टर ऐसे सार्वजनिक किए थे जैसे कोई प्रामाणिक आरोप लगा रहे हों. विधानसभा चुनाव परिणामों ने कांग्रेस को इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी पराजय देकर देश के औद्योगिक राज्य ने उद्योग समूहों के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण को पूरी तरह से नकार दिया है.

एक तरफ जनादेश में राहुल गांधी का मुद्दा धराशाई हुआ और दूसरी तरफ उनके गठबंधन में इसको लेकर दरार पैदा हो गई. पहले भी इस मुद्दे पर शरद पवार जैसे नेताओं ने सवाल खड़े किए थे, कि राहुल गांधी को उद्योग समूह के प्रति इस स्तर पर बयानबाजी नहीं करना चाहिए.

राहुल गांधी संसदीय ओरेटर नहीं माने जाते हैं. जब भी वह संसद में बोलते हैं तब कोई ना कोई विवाद खड़ा कर देते हैं. यह भी विवाद ऐसे होते हैं, जिसका नुकसान उन्हें ही उठाना पड़ता है. नेता प्रतिपक्ष के रूप में संसदीय परफार्मेंस किसी भी नेता के लिए जनमत बनाता है.

राहुल गांधी की संविधान की राजनीति भी कांग्रेस को संकट में धकेलती दिखती है. इंदिरा गांधी ने संविधान में सेकुलर शब्द जोड़ा था. सेकुलर मतलब संविधान धर्मनिरपेक्ष है. धर्मनिरपेक्ष संविधान में धार्मिक कानूनों को मान्यता कैसे दी जा सकती है.

सेकुलर संविधान समान नागरिक संहिता की अनुशंसा करता है, तो फिर शरिया कानून को मान्यता देने की कांग्रेस की संवैधानिक गलती जनमानस को उद्वेलित कर रही है. सेकुलर संविधान वाले राष्ट्र में पर्सनल लॉ माइनॉरिटी कमीशन जैसे धार्मिक विचारों पर आधारित व्यवस्थाओं को कैसे जारी रखा जा सकता है.

देश में जैसे-जैसे राजनीतिक जागरूकता और शिक्षा बढ़ रही है, वैसे-वैसे कांग्रेस द्वारा संविधान के साथ की गई छेड़छाड़ और गलतियां जन मानस तक पहुंच रही हैं. दुर्भाग्य देखिए कि जिस कांग्रेस को संविधान की सार्वजनिक राजनीति से बचना चाहिए, राहुल गांधी उसी को अपनी राजनीति का मोहरा बना रहे हैं. जब-जब संविधान पर ध्यान जाएगा तब-तब कांग्रेस की संवैधानिक गलतियों पर ध्यान जाएगा और इसका खामियाजा कांग्रेस को ही भुगतना पड़ेगा.

अपरिपक्व राजनीति वैचारिक पतन का स्वयं प्रबंध सुनिश्चित करती है. कांग्रेस ऐसे ही प्रबंधकों के अदूरदर्शी सोच और समझ से न केवल अपने इतिहास की गलतियों को स्वयं जनमानस तक पहुंचा रही है. बल्कि भविष्य की संभावनाओं को भी सीमित कर रही है. कांग्रेस संविधान के नाम पर सांप सीढ़ी का खेल, खेल रही है. अब तक जिस सीढ़ी पर कांग्रेस पहुंची है, उससे नीचे पहुंचने में अपरिपकता और वैचारिक मूर्छा पर्याप्त होगी.

# जनसंख्या का दबाव और चरमराती नागरिक सेवा

**राकेश दुबे**

कितनी बेमेल बात है हमारे देश में भारत में विभिन्न दलों के राजनेता और धार्मिक नेता अपने तात्कालिक हितों की पूर्ति हेतु अपने लक्षित समूहों की आबादी बढ़ाने की जरूरत बताते रहे हैं। आबादी के बोझ से चरमराती नागरिक सेवाओं और सीमित संसाधनों के बीच आबादी बढ़ाने का आह्वान करना कहीं से भी तार्किक नहीं है । इसके बावजूद धार्मिक व सांप्रदायिक समूह के अगुआ आबादी बढ़ाने का आह्वान करते नजर आते हैं।

इस विवादास्पद मुद्दे की हालिया चर्चा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत की टिप्पणी के कारण फिर सुर्खियों में है। उनका कहना है कि दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश में जनसंख्या वृद्धि दर में गिरावट आ रही है। उन्होंने एक तस्वीर उकेरते हुए कहा है कि जिस समाज की कुल प्रजनन दर 2.1 प्रतिशत से नीचे चली जाएगी, कालांतर उस समाज को एक चुनौती का सामना करना पड़ेगा। उनकी दलील है कि बहुसंख्यक समाज को हम दो, हमारे तीन के समाधान पर अमल करना चाहिए। यानी प्रत्येक जोड़े को कम से कम तीन बच्चे पैदा करने चाहिए।

राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने एक समुदाय विशेष को इंगित करते हुए चिंता जतायी थी कि अधिक आबादी वाला समुदाय जनसंख्या संतुलन के लिये चुनौती पेश कर रहा है। वहीं दूसरी ओर इस विवादास्पद भाषण के कुछ सप्ताह के बाद प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद द्वारा जारी आंकड़ों के निष्कर्ष में इस बात को लेकर चिंता जतायी गई थी कि 1950 से 2015 के बीच बहुसंख्यक समाज की आबादी में 7.82 प्रतिशत की कमी आई है। वहीं देश के मुख्य अल्पसंख्यक समुदाय की आबादी में 43 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दरअसल, इन्हीं आंकड़ों के जरिये भविष्य में बहुसंख्यक समाज के समक्ष उत्पन्न होने वाली चुनौतियों के रूप में पेश किया जाता है। दरअसल, राजनीतिक नेतृत्व व धार्मिक संगठनों के नेताओं द्वारा अपनी सुविधा की जनसंख्या नीति को लेकर जो दलीलें दी जा रही हैं, वे एक अर्थशास्त्री द्वारा लक्षित जनसंख्या की संकल्पना दृष्टि के मद्देनजर विरोधाभासी कही जा सकती हैं।

वहीं दूसरी ओर देश के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा था कि विकसित भारत के लक्ष्य हासिल करने में छोटे परिवार मददगार साबित हो सकते हैं। निश्चित रूप से जनसंख्या से जुड़ी विरोधाभासी दलीलों की तार्किकता तलाश पाना एक कठिन कार्य रहा है।

एक हकीकत यह भी है कि देश में परिवार नियोजन और गर्भनिरोधक के प्रयोग में वृद्धि के कारण प्रजनन दर में काफी गिरावट आई है। वहीं ऐसे ही तात्कालिक कारणों तथा राजनीतिक लक्ष्यों ने आंध्र प्रदेश में टीडीपी सरकार को दो संतानों की नीति को खत्म करने के लिये प्रेरित किया है। ऐसी ही जनसंख्या नीति में बदलाव के लिये तमिलनाडु सरकार की तरफ से विरोधाभासी बयान विगत में सोशल मीडिया पर खूब चर्चा का विषय बने हैं। ऐसे हालात में विभिन्न राज्यों में सरकारों को चाहिए कि वे जनसंख्या नीति पर बयानबाजी करने से पहले उपलब्ध संसाधनों का मूल्यांकन करें। वे विचार करें कि स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, रोजगार सृजन और गरीबी उन्मूलन की चुनौती के बीच क्या वे अतिरिक्त जनसंख्या के बोझ को संभाल पाने में सक्षम हो सकते हैं? निस्संदेह, राजनीतिक और धार्मिक लक्ष्यों के लिये संख्या का खेल खेलने वाले नेताओं को सांप्रदायिक तनाव बढ़ाना भले ही सफलता का शार्टकट लगता हो, लेकिन उन्हें भारत की दीर्घकालिक सामाजिक और आर्थिक स्थिरता के लिये ऐसे प्रयासों के निहितार्थों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

देश की भौगोलिक स्थिति और जनसंख्या का घनत्व पहले ही काफी असंतुलित है। यदि फिर भी जनसंख्या वृद्धि की होड़ संकीर्ण स्वार्थों के लिये की जाती है तो उसके दूरगामी घातक प्रभाव सामने आ सकते हैं। हमारी प्राथमिकता हर हाथ को काम देने तथा सीमित संसाधनों के बेहतर उपयोग होनी चाहिए। यदि ऐसे हालात में आबादी में अप्रत्याशित वृद्धि होती है तो कालांतर जनसंख्या के दबाव से चरमराती नागरिक सेवाओं के ध्वस्त होने की आशंका बलवती हो जाएगी।

# भारत में सहकारिता आंदोलन को सफल होना ही होगा

**प्रह्लाद सबनानी**

भारत में सहकारिता आंदोलन का यदि सहकारिता की संरचना की दृष्टि से आंकलन किया जाय तो ध्यान में आता है कि देश में लगभग 8.5 लाख से अधिक सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। इन समितियों में कुल सदस्य संख्या लगभग 28 करोड़ है।

भारत में आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से सहकारिता आंदोलन को सफल बनाना बहुत जरूरी है। वैसे तो हमारे देश में सहकारिता आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1904 से हुई है एवं तब से आज तक सहकारी क्षेत्र में लाखों समितियों की स्थापना हुई है। कुछ अत्यधिक सफल रही हैं, जैसे अमूल डेयरी, परंतु इस प्रकार की सफलता की कहानियां बहुत कम ही रही हैं। कहा जाता है कि देश में सहकारिता आंदोलन को जिस तरह से सफल होना चाहिए था, वैसा हुआ नहीं है। बल्कि, भारत में सहकारिता आंदोलन में कई प्रकार की कमियां ही दिखाई दी हैं। देश की अर्थव्यवस्था को यदि 5 लाख करोड़ अमेरिकी डालर के आकार का बनाना है तो देश में सहकारिता आंदोलन को भी सफल बनाना ही होगा। इस दृष्टि से केंद्र सरकार द्वारा एक नए सहकारिता मंत्रालय का गठन भी किया गया है। विशेष रूप से गठित किए गए इस सहकारिता मंत्रालय से अब सहकार से समृद्धि की परिकल्पना के साकार होने की उम्मीद भी की जा रही है।

भारत में सहकारिता आंदोलन का यदि सहकारिता की संरचना की दृष्टि से आंकलन किया जाय तो ध्यान में आता है कि देश में लगभग 8.5 लाख से अधिक सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। इन समितियों में कुल सदस्य संख्या लगभग 28 करोड़ है। हमारे देश में 55 किस्मों की सहकारी समितियां विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं। जैसे, देश में 1.5 लाख प्राथमिक दुग्ध सहकारी समितियां कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त 93,000 प्राथमिक कृषि सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। ये मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों में कार्य करती हैं। इन दोनों प्रकार की लगभग 2.5 लाख सहकारी समितियां ग्रामीण इलाकों को अपनी कर्मभूमि बनाकर इन इलाकों की 75 प्रतिशत जनसंख्या को अपने दायरे में लिए हुए है। उक्त के अलावा देश में सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं और यह तीन प्रकार की हैं। एक तो वे जो अपनी सेवाएं शहरी इलाकों में प्रदान कर रही हैं। दूसरी वे हैं जो ग्रामीण इलाकों में तो अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं, परंतु कृषि क्षेत्र में ऋण प्रदान नहीं करती हैं। तीसरी वे हैं जो उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों की वित्त सम्बंधी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करती हैं। इसी प्रकार देश में महिला सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं। इनकी संख्या भी लगभग एक लाख है। मछली पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मछली सहकारी साख समितियां भी स्थापित की गई हैं, इनकी संख्या कुछ कम है। ये समितियां मुख्यत: देश में समुद्र के आसपास के इलाकों में स्थापित की गई हैं। देश में बुनकर सहकारी साख समितियां भी गठित की गई हैं, इनकी संख्या भी लगभग 35,000 है। इसके अतिरिक्त हाउसिंग सहकारी समितियां भी कार्यरत हैं।

उक्तवर्णित विभिन क्षेत्रों में कार्यरत सहकारी समितियों के अतिरिक्त देश में सहकारी क्षेत्र में तीन प्रकार के बैंक भी कार्यरत हैं। एक, प्राथमिक शहरी सहकारी बैंक जिनकी संख्या 1550 है और ये देश के लगभग सभी जिलों में कार्यरत हैं। दूसरे, 300 जिला सहकारी बैंक कार्यरत हैं एवं तीसरे, प्रत्येक राज्य में एपेक्स सहकारी बैंक भी बनाए गए हैं। उक्त समस्त आंकडें वर्ष 2021-22 तक के हैं।

इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि हमारे देश में सहकारी आंदोलन की जड़ें बहुत गहरी हैं। दुग्ध क्षेत्र में अमूल सहकारी समिती लगभग 70 वर्ष पूर्व प्रारम्भ हुई है, जिसे आज भी सहकारी क्षेत्र की सबसे बड़ी सफलता के रूप में गिना जाता है। सहकारी क्षेत्र में स्थापित की गई समितियों द्वारा रोजगार के कई नए अवसर निर्मित किए गए हैं। सहकारी क्षेत्र में एक विशेषता यह पाई जाती है कि इन समितियों में सामान्यत: निर्णय सभी सदस्यों द्वारा मिलकर लिए जाते हैं। सहकारी क्षेत्र देश के आर्थिक विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकता है। परंतु इस क्षेत्र में बहुत सारी चुनौतियां भी रही हैं। जैसे, सहकारी बैंकों की कार्य प्रणाली को दिशा देने एवं इनके कार्यों को प्रभावशाली तरीके से नियंत्रित करने के लिए अपेक्स स्तर पर कोई संस्थान नहीं है। जिस प्रकार अन्य बैकों पर भारतीय रिजर्व बैंक एवं अन्य वित्तीय संस्थानों का नियंत्रण रहता है ऐसा सहकारी क्षेत्र के बैकों पर नहीं है। इसीलिए सहकारी क्षेत्र के बैंकों की कार्य पद्धति पर हमेशा से ही आरोप लगते रहे हैं एवं कई तरह की धोखेबाजी की घटनाएं समय समय पर उजागर होती रही हैं। इसके विपरीत सरकारी क्षेत्र के बैंकों का प्रबंधन बहुत पेशेवर, अनुभवी एवं सक्रिय रहा है। ये बैंक जोखिम प्रबंधन की पेशेवर नीतियों पर चलते आए हैं जिसके कारण इन बैंकों की विकास यात्रा अनुकरणीय रही है। सहकारी क्षेत्र के बैंकों में पेशेवर प्रबंधन का अभाव रहा है एवं ये बैंक पूंजी बाजार से पूंजी जुटा पाने में भी सफल नहीं रहे हैं। अभी तक चूंकि सहकारी क्षेत्र के संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी तंत्र का अभाव था केंद्र सरकार द्वारा किए गए नए मंत्रालय के गठन के बाद सहकारी क्षेत्र के संस्थानों को नियंत्रित करने में कसावट आएगी एवं इन संस्थानों का प्रबंधन भी पेशेवर बन जाएगा जिसके चलते इन संस्थानों की कार्य प्रणाली में भी निश्चित ही सुधार होगा।

सहकारी क्षेत्र पर आधरित आर्थिक मोडेल के कई लाभ हैं तो कई प्रकार की चुनौतियां भी हैं। मुख्य चुनौतियां ग्रामीण इलाकों में कार्य कर रही जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों की शाखाओं के सामने हैं। इन बैंकों द्वारा ऋण प्रदान करने की स्कीम बहुत पुरानी हैं एवं समय के साथ इनमें परिवर्तन नहीं किया जा सका है। जबकि अब तो ग्रामीण क्षेत्रों में आय का स्वरूप ही बदल गया है। ग्रामीण इलाकों में अब केवल 35 प्रतिशत आय कृषि आधारित कार्य से होती है शेष 65 प्रतिशत आय गैर कृषि आधारित कार्यों से होती है। अत: ग्रामीण इलाकों में कार्य कर रहे इन बैकों को अब नए व्यवसाय माडल खड़े करने होंगे। अब केवल कृषि व्यवसाय आधारित ऋण प्रदान करने वाली योजनाओं से काम चलने वाला नहीं है।

भारत विश्व में सबसे अधिक दूध उत्पादन करने वाले देशों में शामिल हो गया है। अब हमें दूध के पावडर के आयात की जरूरत नहीं पड़ती है। परंतु दूध के उत्पादन के मामले में भारत के कुछ भाग ही, जैसे पश्चिमी भाग, सक्रिय भूमिका अदा कर रहे हैं। देश के उत्तरी भाग, मध्य भाग, उत्तर-पूर्व भाग में दुग्ध उत्पादन का कार्य संतोषजनक रूप से नहीं हो पा रहा है। जबकि ग्रामीण इलाकों में तो बहुत बड़ी जनसंख्या को डेयरी उद्योग से ही सबसे अधिक आय हो रही है। अत: देश के सभी भागों में डेयरी उद्योग को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है। केवल दुग्ध सहकारी समितियां स्थापित करने से इस क्षेत्र की समस्याओं का हल नहीं होगा। डेयरी उद्योग को अब पेशेवर बनाने का समय आ गया है। गाय एवं भैंस को चिकित्सा सुविधाएं एवं उनके लिए चारे की व्यवस्था करना, आदि समस्याओं का हल भी खोजा जाना चाहिए। साथ ही, ग्रामीण इलाकों में किसानों की आय को दुगुना करने के लिए सहकारी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना करनी होगी। इससे खाद्य सामग्री की बर्बादी को भी बचाया जा सकेगा। एक अनुमान के अनुसार देश में प्रति वर्ष लगभग 25 से 30 प्रतिशत फल एवं सब्जियों का उत्पादन उचित रख रखाव के अभाव में बर्बाद हो जाता है।

शहरी क्षेत्रों में गृह निर्माण सहकारी समितियों का गठन किया जाना भी अब समय की मांग बन गया है क्योंकि शहरी क्षेत्रों में मकानों के अभाव में बहुत बड़ी जनसंख्या झुग्गी झोपड़ियों में रहने को विवश है। अत: इन गृह निर्माण सहकारी समितियों द्वारा मकानों को बनाने के काम को गति दी जा सकती है। देश में आवश्यक वस्तुओं को उचित दामों पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कंजूमर सहकारी समितियों का भी अभाव है। पहिले इस तरह के संस्थानों द्वारा देश में अच्छा कार्य किया गया है। इससे मुद्रा स्फीति की समस्या को भी हल किया जा सकता है।

देश में व्यापार एवं निर्माण कार्यों को आसान बनाने के उद्देश्य से ईज आफ डूइंग बिजिनेस के क्षेत्र में जो कार्य किया जा रहा है उसे सहकारी संस्थानों पर भी लागू किया जाना चाहिए ताकि इस क्षेत्र में भी काम करना आसान हो सके। सहकारी संस्थानों को पूंजी की कमी नहीं हो इस हेतु भी प्रयास किए जाने चाहिए। केवल ऋण के ऊपर अत्यधिक निर्भरता भी ठीक नहीं है। सहकारी क्षेत्र के संस्थान भी पूंजी बाजार से पूंजी जुटा सकें ऐसी व्यवस्था की जा सकती हैं।

विभिन्न राज्यों के सहकारी क्षेत्र में लागू किए गए कानून बहुत पुराने हैं। अब, आज के समय के अनुसार इन कानूनो में परिवर्तन करने का समय आ गया है। सहकारी क्षेत्र में पेशेवर लोगों की भी कमी है, पेशेवर लोग इस क्षेत्र में टिकते ही नहीं हैं। डेयरी क्षेत्र इसका एक जीता जागता प्रमाण है। केंद्र सरकार द्वारा सहकारी क्षेत्र में नए मंत्रालय का गठन के बाद यह आशा की जानी चाहिए के सहकारी क्षेत्र में भी पेशेवर लोग आकर्षित होने लगेंगे और इस क्षेत्र को सफल बनाने में अपना भरपूर योगदान दे सकेंगे। साथ ही, किन्हीं समस्याओं एवं कारणों के चलते जो सहकारी समितियां निष्क्रिय होकर बंद होने के कगार पर पहुंच गई हैं, उन्हें अब पुन: चालू हालत में लाया जा सकेगा। अमूल की तर्ज पर अन्य क्षेत्रों में भी सहकारी समितियों द्वारा सफलता की कहानियां लिखी जाएंगी ऐसी आशा की जा रही है। सहकारिता से विकास का मंत्र पूरे भारत में सफलता पूर्वक लागू होने से गरीब किसान और लघु व्यवसायी बड़ी संख्या में सशक्त हो जाएंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# इंदौर में नेप्रा के कांट्रेक्ट पर महापौर पुष्यमित्र के आरोप खारिज



इंदौर। महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा तत्कालीन कलेक्टर मनीष सिंह और निगमायुक्त प्रतिभा पाल के रहते स्मार्ट सिटी में किए गए नेप्रा कांट्रेक्ट आगे बढ़ाने के फैसले को साजिश करार दिया गया था। साथ ही शासन को पत्र लिखकर इसकी जांच की मांग की गई थी। लेकिन इस मामले में साफ हो गया है कि सिंह और पाल के पद पर रहते हुए इस कांट्रेक्ट को आगे बढ़ाने में कोई साजिश नहीं थी और यह नियमानुसार ही हुआ है।

इस मामले में द सूत्र को सूत्रों से मिली पुख्ता जानकारी के अनुसार दिल्ली की केंद्र सरकार के अधिकारियों ने मप्र के अधिकारियों को इस मुद्दे पर फटकार भी लगा दी है। कहा गया है कि हम पूरे देश में सफाई को लेकर इंदौर का उदाहरण दे रहे हैं, सूखे-गीले कचरे से गैस व अन्य उत्पाद बनाया जा रहा है लेकिन अब इस तरह के फैसले लेकर काम में अडंगे लगाए जा रहे हैं। यह तरीका सही नहीं है। उधर भोपाल से इस कांट्रेक्ट की जानकारी व मामले की जानकारी भी ली गई थी। जिसमें कांट्रेक्ट की शर्तों को देखकर लिखित में जवाब दिया गया कि पूर्व के कांट्रेक्ट में लिखा है कि इसे कभी भी किसी भी समय कितने के समय के लिए बढ़ाया जा सकता है। कांट्रेक्ट को बढ़ाने के लिए कोई नियम का उल्लंघन नहीं किया गया है।

### कंपनी के अन्य मुद्दों पर बोर्ड में होगा फैसला

नेप्रा पर नगर निगम के 5 करोड़ से ज्यादा राशि बकाया है जो नहीं देकर कंपनी ने कांट्रेक्ट की एक शर्त का जरूर उल्लंघन किया है। कंपनी का इस मामले में तर्क है कि उसे कचरा बेकार मिल रहा है जिस कारण से उसे आउटपुट हासिल नहीं हो रहा है। इस पर निगम द्वारा कचरे की जांच कराई गई थी जिसमें कंपनी की बात काफी हद तक सही मिली और बताया गया कि कचरा उतना बेहतर नहीं है लेकिन हां कंपनी द्वारा जितना बेकार बताय गया उतना भी बेकार नहीं है। कंपनी राशि को किश्तों में भुगतान करने के लिए सहमत है। इन सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए स्मार्ट सिटी बोर्ड में जल्द प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

### महापौर ने लिखा था तत्कालीन सीएस को पत्र

एमआईसी सदस्य अश्विनी शुक्ला ने पहले महापौर पुष्यमित्र भार्गव को नेप्रा कंपनी के कांट्रेक्ट को लेकर शिकायत की थी। इसके बाद महापौर ने जून माह में इसकी जांच के लिए मुख्य सचिव वीरा राणा को तीन पन्नों का पत्र भेजा था। इस पत्र में महापौर ने तत्कालीन स्मार्ट सिटी अधिकारियों को जिम्मेदार बताते हुए और उनके द्वारा धोखाधड़ी की बात करते हुए ईओडब्ल्यू, लोकायुक्त जैसी जांच एजेंसी से विस्तृत जांच कराने की मांग की थी।

### महापौर के पत्र में यह लिखा गया था

महापौर के पत्र में था कि साल 2018 में देवगुराडिया में सूखे कचरे के निपटान के लिए स्मार्ट सिटी ने टेंडर बुलाए थे, अक्टूबर 2018 में यह टेंडर सिंगल होने के बाद भी कंपनी नेप्रा रिसोर्सेस मैनेजमेंट प्रालि को दे दिया गया। इस टेंडर की शर्त में था कि रायल्टी डिफाल्ट होने और अनुबंध की शर्त का पालन नहीं होने पर अनुबंध निरस्त होगा। लेकिन स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने 30 जुलाई 2021 की तारीख में 4.42 करोड़ की रायल्टी बकाया होने के बाद भी टेंडर निरस्त नहीं किया। उलटे 27 दिसंबर 2021 को नेहरू पार्क में बोर्ड बैठक बुलाई और टेंडर को सात साल के लिए आगे बढ़ाने का फैसला ले लिया। इसके लिए अपने अधिकारों से परे जाकर स्मार्ट सिटी के जिम्मेदार अधिकारियों ने यह फैसला लिया। यह अनुबंध की शर्तों के विपरीत था।

पत्र मे महापौर ने लिखा था कि अधिकारियों द्वारा सिस्टम की घोर उपेक्षा का यह उदाहरण है। इसके कारण राज्य सरकार को नुकसान पहुंचाया गया और निजी संस्था के साथ मिलकर साजिश रची गई है। इसलिए इसकी स्पेशल जांच एजेंसी से जांच कराना जरूरी है। यह मप्र शासन के साथ धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है।

### अहमदाबाद की है यह कंपनी

नेप्रा कंपनी अहमदाबाद की है। इसमें संदीप पटेल, अनुराग अग्रवाल, डी, महेश कुमार पटेल, गुरजीत सिंह और राबर्ट कपलन शामिल है। इस कंपनी को सूखे कचरा निपटान के लिए टेंडर हुआ था। कंपनी ने निगम से मिली जमीन पर 100 करोड़ से अधिक की लागत से प्लांट लगाया जहां पर हर दिन औसतन 350 टन सूखे कचरे का निपटान होता है। इसके चलते अब इंदौर में कचरे का ढेर नहीं लगता क्योंकि यह प्लांट हर दिन कचरे का निपटान करता है।

## सांसद राहुल सिंह ने शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर चर्चा की



दमोह। दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से दिल्ली में शिष्टाचार भेंट कर, दमोह जिले में क्षेत्रीय दलहन अनुसंधान केन्द्र व क्षेत्रीय सब्जी अनुसंधान केन्द्र स्थापित करने के संबंध में चर्चा की। सांसद श्री लोधी ने कहा सम्पूर्ण बुंदेलखंड क्षेत्र की कुल आबादी में लगभग 70 से 80 प्रतिशत कृषक निवास करते हैं इस केंद्र के स्थापित होने से सभी लाभान्वित होंगे। उन्होंने किसानों के हित में अनुसंधान केन्द्र खोले जाने की स्वीकृति प्रदान करने आग्रह किया। जिस पर केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने इसकी स्थापना के लिए पूर्ण आश्वस्त किया।

## सभी 70 प्लस नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं: कलेक्टर




औबेदुल्लागंज (संवाददाता)- कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर अरविंद दुबे ने जिले में 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने जनपदवार और निकायवार प्रगति की जानकारी लेते हुए कम प्रगति होने पर अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि यह कार्य शासन की प्राथमिकता में है, इसमें उदासीनता या लापरवाही ना बरतें। आयुष्मान भारत योजना के तहत जिले के 70 प्लस आयु के सभी नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। कलेक्टर दुबे ने वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से अनुभागवार सभी एसडीएम, जनपद सीईओ और सीएमओ से आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि ग्राम और वार्ड स्तर पर योजना बनाकर 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम रोजगार सहायक, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि मैदानी अमले को कार्य में गति लाने हेतु निर्देशित करें। सभी को लक्ष्य प्रदान कर आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं और सभी की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने एसडीएम, जनपद सीईओ तथा सीएमओ को क्षेत्र में भ्रमण कर कार्य का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से अनुभाग से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ तथा बीएमओ बैठक में सम्मिलित हुए।

## कलेक्टर के निर्देशन में हुई जांच में वायरल ऑडियो प्रथम दृष्टया पाया गया सही एसडीएम ने पटवारी को किया निलंबित

छतरपुर जिले के तहसील चंदला अंतर्गत हल्का छठीबम्हौरी भरत कुशवाहा का कुछ दिनों पहले एक ऑडियो वायरल हुआ था। जिसमें पटवारी द्वारा आवेदक से दुर्व्यवहार पूर्ण बात करना प्रतीत हो रहा था। वायरल ऑडियो की कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में हुई जांच में तहसीलदार चंदला के प्रतिवेदन के आधार पर प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाए जाने पर एसडीएम लवकुशनगर द्वारा भरत कुशवाहा हल्का पटवारी छठीबम्हौरी का कार्य में अनुशासनहीनता एवं कदाचरण की श्रेणी में आने के कारण मध्य प्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम (एक), (दो). (तीन), तथा कदाचरण होने से मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के अन्तर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलम्बनकाल में इनका मुख्यालय तहसील चंदला रहेगा एवं निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

## नरवाई प्रबंधन कार्यशाला सम्पन्न

छतरपुर। छतरपुर के ग्राम कटारे के पुरवा में कस्टम हायरिंग केन्द्र पर नरवाई प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष शशिकांत शुक्ला, उपसंचालक कृषि के.के. वैद्य सहित



अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण और कृषक उपस्थिति रहे। कार्यशाला में सुपर सीडर का प्रदर्शन, ड्रोन का प्रदर्शन, नरवाई प्रबंधन रथ का अवलोकन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत बीज वितरण तथा नरवाई प्रबंधन के उपायों की जानकारी प्रदाय की गई। कस्टम हायरिंग केन्द्र संचालक प्रवीण पटेल द्वारा बताया गया कि उन्होंने कृषि अभियांत्रिकी विभाग की योजना अंतर्गत कस्टम हायरिंग केन्द्र वर्ष 2022-23 में स्थापित किया था। जिसमें उनके द्वारा 23.84 लाख के प्रोजेक्ट पर 9.26 लाख का अनुदान प्राप्त हुआ था। अब वह प्रति वर्ष तीन से चार लाख रुपए का लाभ कमा रहे हैं तथा गांव के 60 से 80 किसानों किराए पर काम कर रहे हैं।

## शाजापुर के खिलाड़ियों ने जीते मेडल




शाजापुर। खेलो इंडिया रग्बी लीग में शाजापुर के खिलाड़ियों ने जीते दो सिल्वर वह एक ब्रांच मेडल 1 से 3 दिसंबर तक आयोजित स्डुद्ध एवं रग्बी इंडिया की तरफ से ग्वालियर में खेलो इंडिया लीग का आयोजन हुआ जिसमें शाजापुर के खिलाड़ियों ने दो सिल्वर मेडल एवं एक ब्रांच मेडल जीता। सीनियर वर्क में सिल्वर मेडल जूनियर वर्क में ब्रांच मेडल एवं सब जूनियर वर्क में सिल्वर मेडल टीम ने जीता मध्य प्रदेश कोच अर्जुन पाटीदार ने बताया इस खेलो इंडिया का आयोजन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया एवं रग्बी इंडिया ने करवाया था। जिसमें हमारे शाजापुर के दो रेफरी स्वदेश कदम ,युवराज देवड़ा अपना योगदान दिया साथ ही कोच अर्जुन पाटीदार ने बताया कि अरबी में हर बार हमारे कहीं के खिलाड़ी मध्य प्रदेश के कप्तान भी बन चुके हैं और साथ ही मध्य प्रदेश के काफी अच्छे रेफरी भी हैं जिनमें स्वदेश कदम रानी केवट युवराज देवा दीपक नरवरिया और कहीं खिलाड़ी हैं कोच अर्जुन पाटीदार ने बताया कि खेलो इंडिया में भी शाजापुर के रेफरी स्वदेश कदम काफी अच्छा प्रदर्शन अपना दिखाया और खेलो इंडिया के बेस्ट रेफरी रहे साथी जिन खिलाड़ियों ने सिल्वर मेडल जीता है उन्हें ?30000 कैसे प्राइस दिया गया।

### बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में

## तहसील मैदान से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर बांग्लादेश सरकार के खिलाफ लगाए नारे किया प्रदर्शन






दमोह। सनातन चेतना मंच ने बांग्लादेश में हिन्दूओ पर हो रहे अत्याचारो के विरोध में तहसील मैदान से कलेक्ट्रेट तक आक्रोश रैली निकाली और राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा

वीओ बांग्लादेश में इस्कॉन धर्मगुरु कृष्णदास की गिरफ्तारी और हिन्दू समाज के लोगों पर हो रहे अत्याचार और हिंसक हमले के विरोध में आज दमोह के सनातन चेतना मंच द्वारा तहसील मैदान पर एकत्रीकरण के बाद एक रैली के माध्यम से शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे जहां देश के राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें मांग की गई कि पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे कट्टरपंथी देशों में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर रोक लगवाई जाए इस दौरान हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए बांग्लादेश में लगातार सत्ता पलट के बाद कट्टरपंथी सरकार द्वारा वहां पर निवासी अल्पसंख्यक समाज पर हिंदू समाज सिक्ख जैन बुद्ध इसाई सभी को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है और उनके घरों को तोड़ा जा रहा है महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहे हैं हिंदू मंदिरों को तोड़ा जा रहा है ऐसे सनातन के स्थान जिन्होंने बाढ़ जैसी समस्या आने पर बांग्लादेश में सैकड़ो दिन और सालों तक लंगर चल कर उनकी भूख मिठाई बिना किसी भेदभाव के सेवा के कार्य किये और सेवा के बदले इस इस प्रकार की प्रताड़ना बांग्लादेश की कट्टरपंथी सरकार के द्वारा की जा रही है इसके विरोध में आज हम सभी ने महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम से एकत्रित होकर ज्ञापन सोपा है सभी समाज के लोग सनातन चेतना मंच के माध्यम से माननीय राष्ट्रपति जी को यह कहना चाहते हैं कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय में हिंदुओं की रक्षा के लिए पाकिस्तान बांग्लादेश जैसी कट्टरपंथी संचालन करने वाले देशों के विरुद्ध कड़े कदम उठाए जाएं बांग्लादेश की यूनिस सरकार को चेताया जाए कि अगर हिंदुओं या अल्पसंख्यकों के मानव अधिकारों का उल्लंघन होता है तो उस पर कड़ी कार्रवाई हो यही आज की यात्रा का सनातन चेतना मंच का लक्ष्य था यही हमारा लक्ष्य है

## विभिन्न राज्यों में फर्जी कंपनी बनाकर लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाले गिरोह को पुलिस ने पकड़ा

**सीहोर।** फर्जी कंपनी बनाकर लोगों को माल डिलेवर करने के नाम पर धोखाधड़ी का खेल बड़ा पैमाने पर चल रहा है। पुलिस ने ऐसी ही फर्जी कंपनी के गिरोह को पकड़ा है। जो विभिन्न राज्यों में फर्जी कंपनी बनाकर लोगो के साथ धोखाधड़ी करते थे। पुलिस ने गिरोह के तीन लोगों को पुणे महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत ने बताया कि 2 अक्टूबर को फरियादी फरियादी महेन्द्र परमार रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि महाराष्ट्र की एक कंपनी प्राइम स्टील के मालिक तुकाराम शैवाले पिता अंकुश राव शैवाले ने एसएस पाइप की माल की डिलेवरी देने के नाम पर 4 लाख 60 हजार रुपए प्राइम स्टील की कंपनी के खाते में ट्रांसफर करा लिए गए, लेकिन इसके बाद माल की डिलेवरी नहीं दे रहा हैं। उनके द्वारा जब कंपनी के बताए गए पतो पर जाकर देखा तो उस जगह पर इस नाम की कोई कंपनी नहीं मिली। थाना कोतवाली ने इस मामले में 420 भादवि का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस की विवेचना के दौरान पुलिस टीम जिला पुणे महाराष्ट्र गई। इस दौरान हिंजेवडी पुणे महाराष्ट्र में पता तलाश के दौरान तीन व्यक्तियों ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किए। जिन्हें पुलिस ने पकड़ कर सख्ती से पूछताछ में पुलिस ने आरोपियों के पास से फर्जी पते आदि के दस्तावेज देखकर स्तब्ध रह गई। पुलिस ने आरोपियों के पास से 05 लेपटॉप, 07 मोबाइल फोन, 05 सिमे, 10 एटीएम क्रेडिट व डेबिट कार्ड, 05 चैक बुक, आरोपी द्वारा तैयार किए हुए फर्जी कंपनी के दस्तावेज( जिन पर अलग अलग पते दर्शाए गए थे) 03 फर्जी आधार कार्ड, दो पेन कार्ड आदि करीब पांच लाख का माल जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में प्राइम स्टील कंपनी के मालिक तुकाराम शैवाले(42) पिता अंकुश शैवाले, श्रीधर अंकुश राव शेवाले(38) पिता अंकुश रात शैवाले, अमर लक्ष्मण बनसोड़े (22)पिता लक्ष्मण वनखीड़े निवासी हिंजेवाड़ी पुणे महाराष्ट्र शामिल हैं।

## अग्रवाल समाज ने आदतन अपराधी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

### आरोपी मंजू पटैरिया पर हत्या के प्रयास की धारा जोड़ने और जिला बदर करने की मांग



**छतरपुर।** बड़ामलहरा निवासी रामकृपाल अग्रवाल एवं उनके परिवार के साथ आदतन अपराधी मंजू पटैरिया एवं अन्य के द्वारा जानलेवा हमला करने के मामले में हत्या के प्रयास की धारा बढ़ाने, आरोपी के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही करने तथा पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग को लेकर अग्रवाल समाज ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि रामकृपाल अग्रवाल घुवारा तिगड्डा पर चाय, पान एवं नाश्ते की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। विगत 30 नवंबर की शाम 7.30 बजे वे अपनी दुकान बन्द कर घर जा रहे थे तभी दारू के नशे में आए दिनेश चौबे ने उनके पुत्र रोहित से दुकान खोलकर गुटखा देने की मांग की। इस दौरान आदतन अपराधी मंजू पटैरिया भी आ गया और दोनों उसके साथ मारपीट करने लगे। रोहित के बड़े भाई अनूप ने विरोध किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। तब तक रामकृपाल एवं उनकी पत्नी ने किसी तरह उन्हें बचाया। तभी आरोपी मंजू पटैरिया ने अपनी कार को बैंक कर तेजी से रामकृपाल के ऊपर चढ़ा दी जिससे उनका दायां पैर बायां हाथ टूट गया। आरोपी दोबारा तेजी से पुनः कार चलाकर जान से मारने हेतु आया जिससे रामकृपाल अग्रवाल की पत्नी बचने भागी जिससे उनका दाया हाथ टूट गया। आरोपी ने तीसरी बार उन पर कार चढ़ाने का प्रयास किया तब उन्होंने पत्थर उठाकर ललकारा जिससे आरोपी भाग गये। बड़ा मलहरा थाने मामूली धाराओं में उनकी रिपोर्ट लिखी गई। इस गुंडई के खिलाफ बड़ामलहरा बंद भी रहा।

अग्रवाल समाज ने एसपी की अनुपस्थिति में एएसपी विक्रम सिंह को ज्ञापन सौंपकर बताया कि मंजू पटेरिया आदतन अपराधी है और इसके खिलाफ 43 केस पहले से दर्ज हैं। अग्रवाल समाज ने इस मामले में आरोपी पर हत्या की कोशिश की धारा बढ़ाने, जिला बदर करने एवं पीड़ित परिजनों को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग 7 दिन में पूरी न होने पर बाजार बंद करने की चेतावनी दी है।

## प्रेशर से मिलेगा अब नागरिकों को पर्याप्त पानी, 31 करोड़ से बना रहे है 3 इंटकवेल और 6 टंकी



सीहोर। जल्द ही नागरिकों को प्रेशर से पानी मिलेगा। अंडरग्राउंड पाइप लाइन लीकेज से भी छुटकारा मिलेगा। हासिंगबोर्ड कॉलोनी में पानी की टंकी कंपलीट हो चुकी है और गंज में टंकी का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। छावनी के लिए बनाई जा रही पानी की टंकी निर्माण का स्थान बदल दिया गया है।

शहर को स्मार्ट सिटी बनाने और नागरिकों को पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए विधायक सुदेश राय ने अपने दूसरे कार्यकाल में ही प्रयास शुरू कर दिए थे यही कारण है की उनके तीसरे शुभ कार्यकाल में अमृत योजना का लाभ शहर की सवा लाख आवादी को मिलने जा रहा है। विधायक सुदेश राय ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और तत्कालीन नगरीय प्रशासन मंत्री को पेयजल की समुचित व्यवस्था के करने के लिए प्रस्ताव बनाकर भेज दिया था। जिस के बाद शासन के द्वारा 31 करोड रूपये निर्माण कार्यो के लिए स्वीकृत किए गए है। नगर पालिका के द्वारा शहर में अमृत योजना-2 के तहत निर्माण कार्य शुरू कर दिए गए है।

डाली नई पाइप लाइन

अमृत योजना के अंतर्गत नागरिकों को पीने का पानी नलों के माध्यम से प्रेशर के साथ उपलब्ध कराने के लिए शहर की जमीन के नीचे मौजूद वर्षो पुरानी पाइप लाइन के स्थान पर नवीन पाइप लाइनो का विस्तार किया जा रहा है और पाइप लाइन विहीन शहर की कॉलोनियों मोहल्लों बस्तियों में नवीन पाइप लाइन का डालने का कार्य भी किया जा रहा है अनेक क्षेत्र में उक्त कार्य पूर्ण भी हो गया है।

### रखा पूरे शहर का ध्यान

विधायक सुदेश राय के द्वारा शहर के कस्बा, गंज, गल्लामंडी, छावनी, चाणक्यपुरी, हासिंगबोर्ड कॉलोनी,इंदिरा नगर देव नगर कॉलोनी बडियाखेड़ी, गंगा आश्रम, स्वदेश नगर जयंती कॉलोनी, जनता कॉलोनी इंदौर नाका दशहरे बाग बजरंग कॉलोनी सहित सभी मोहल्ला में रहने वाले नागरिकों की सुविधा का ध्यान रखा गया है।

बनाए जा रहे इंटकवेल टंकी

पेयजल के लिए शहर के छः चिंहित स्थानों पर नवीन पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा है और जमोनिया भगवानपुरा एवं काहिरी डेम पर 3 इंटकवेल का निर्माण जमोनिया भगवानपुरा एवं काहिरी डेम पर किया जा रहा है। निर्माण कार्य पूर्ण होते ही नागरिकों को अमृत योजना का लाभ मिलने लगेगा और पानी सफलाई में आने वाली समस्याऐं भी समाप्त हो जाएंगी।

## विधायक उमाकांत शर्मा ने किया डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा विकास कार्यों का भूमि पूजन



सिरोंज। विधायक उमाकांत शर्मा ने लटेरी नगर में डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा विकास कार्यों का भूमि पूजन किया इसके पूर्व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सिरोंज रोड स्थित पेट्रोल पंप से विधायक उमाकांत शर्मा की भव्य अगवानी की और आतिशबाजी ढोल ताशा के साथ भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद नरेंद्र मोदी जिंदाबाद मोहन यादव जिंदाबाद के नारों से विधायक की अगवानी की नगर परिषद लटेरी द्वारा लटेरी के वार्ड क्रमांक 3 और 4 स्थित मुख्य सड़क व्यास जी की कुईया से थाने के सामने तक रोड का भूमि पूजन जिसकी अनुमानित लागत लगभग 85 लख रुपए है और इस रोड के निर्माण से लोगों की परेशानियां समाप्त होगी इसके अतिरिक्त नगर परिषद लटेरी द्वारा ही स्वच्छ शहर ग्रीन शहर की तर्ज पर गंदे नालों के पानी की निकासी के लिए अंडरग्राउंड गटर निर्माण का भी भूमि पूजन का कार्य किया जिसकी लागत लगभग 65 लख रुपए होगी जिस शहर का गंदा पानी लटेरी के तालाब में ना मिल सके और तालाब का सौंदर्य बरकरार रहे। इसके पश्चात पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में विधायक उमाकांत शर्मा ने क्षेत्र से आए हुए कार्यकर्ताओं औरआम जन की समस्याएं सुन आई और मौके पर निराकरण किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि लटेरी का विकास तो हमारा लक्ष्य है लेकिन हम विकास के साथ सुरक्षा का वातावरण भी बनाना चाहते हैं और लटेरी की सुरक्षा के साथ क्षेत्र की सुरक्षा के साथ समझौता करने वाले किसी भी तत्व को बकेंगे नहीं इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा ने वन विभाग की लापरवाही का उल्लेख करते हुए जंगल बचाने का आह्वान किया विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि आज विश्व की परिस्थितियों कहती है कि हमको एक रहना चाहिए बांग्लादेश की घटना कि उन्होंने निंदा की और लोगों से कहा कि बांग्लादेश में जिस प्रकार हिंदुओं के मंदिरों को तोड़ा जा रहा है हिंदू महिलाओं की इज्जत लूटी जा रही है अत्याचार किए जा रहे हैं मंदिरों में आग लगाई जा रही है इसके लिए भी हम सबको जन जागरण का कार्य करना चाहिए विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी और प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के स्वप्न को साकार करने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे और हम सब लक्ष्मीकांत जी के सपनों को मिलकर साकार करेंगे उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी और प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी का आभार भी व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री राम गुलाम राजोरिया ने किया और आभार विधायक प्रतिनिधि संजय भंडारी ने व्यक्त किया ।इस अवसर पर नगर परिषद लटेरी की अध्यक्ष श्रीमती शैलेश अत्तु भंडारी वरिष्ठ भाजपा नेता रणधीर सिंह बघेल सूरज प्रसाद श्रीवास्तव भैरो सिंह जादौन भारत सिंह राजपूत लक्ष्मण सिंह बघेल राजकमल बघेल महेंद्र सिंह राजपूत विधायक प्रतिनिधि संजय भंडारी शिव चरण प्रजापति सहित समस्त जनप्रतिनिधि अधिकारीगण उपस्थित थे।

## निजी खाद दुकान का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण, तीन समितियां में भेजा खाद



सिरोंज। डीएपी तथा यूरिया खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए एसडीएम के द्वारा लगातार निजी दुकानों का निरीक्षण करके किसानों को शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही खाद का वितरण करवाया जा रहा है। इसके अलावा किसानों की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्र की तीन पैक्स समितियां को 15 -15 टन के करीब यूरिया खाद भी उपलब्ध करवाया गया कि जिससे कि किसानों को गांव के पास में ही इन समितियां के माध्यम से खाद प्राप्त हो सके किसानों को शहर भी नहीं आना पड़ेगा।इसके अलावा मंगलवार को एसडीएम हर्षल चौधरी चौधरी, तहसीलदार संजय चौरसिया के साथ आभा ट्रेडर्स पर पहुंचे और यहां पर किसानों को बिना किसी अतिरिक्त सामग्री के दो-दो यूरिया खाद की बोरी शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही उपलब्ध करवाने का कार्य किया गया यहां पर दो-दो बोरी बिना अतिरिक्त सामग्री के मिली इससे पहले किसानों को 500 में यूरिया खाद देने का काम कई दुकानदारों के द्वारा किया जा रहा था ।एसडीएम के द्वारा की गई कार्रवाई के बाद निजी दुकानदारों के काम में परिवर्तन हुआ।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ निकाली रैली, किया प्रदर्शन

## सनातन चेतना मंच ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, विद्यार्थी, व्यापारी, अधिवक्ता सहित सभी वर्ग के लोग हुए शामिल






छिंदवाड़ा। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आज (बुधवार) को हिंदू समाज के सदस्य एकजुट हो गए। सभी ने एक स्वर में बांग्लादेश में हिदुओं पर किए जा रहे अत्याचार बंद किए जाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने से पहले हिंदुओं ने दशहरा मैदान से रैली निकाली। यह रैली शहर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची।सनातन चेतना मंच का ज्ञापन लेने एडीएम केसी बोपचे पहुंचे। रैली की अगुवाई कर रहे वरिष्ठों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर एडीएम को मांगों से अवगत कराया। इस दौरान सनातन चेतना मंच के समस्त वरिष्ठों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोके जाने और भारत सरकार के द्वारा उचित कदम उठाए जाने की मांग की।



### हर वर्ग के हिंदु हुए शामिल

इस रैली और प्रदर्शन में हर वर्ग के हिंदु शामिल हुए। विद्यार्थी, वकील, नेता, शासकीय कर्मचारी सभी ने एकजुट होकर हिंदुओं और सनातन के हित में आवाज उठाई।

हिंदुओं को एकजुट रहने का आव्हान करते हुए युवाओं ने 'बंटेंगे तो कटेंगे के नारे भी लगाए। रैली में शामिल बुजुर्गों का जोश भी युवाओं से कम नजर नहीं आ रहा था।इसके साथ ही हिंदु-हिंदु भाई-भाई और जय श्री राम का उद्घोष दूर-दूर तक सुनाई दे रहा था।

### इस्कॉन ने किया संकीर्तन

सनातन चेतना मंच की रैली में इस्कॉन से जुड़े जन अपनी परंपरागत वेशभूषा में शामिल हुए।वे रैली के दौरान हरे कृष्णा हरे रामा का भजन करते कलेक्ट्रेट पहुंचे। पुलिस व्यवस्था रही चाक-चौबंद रैली को लेकर पुलिस व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहीं। रैली के मार्ग में पडने वाले चौराहों पर यातायात और पुलिसकर्मी व्यवस्थाएं बनाते नजर आए। रैली के साथ भी शहर के तीनों थानों की पुलिस फोर्स और अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी।कलेक्ट्रेट भी पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था।

## गृह मंत्री अमित शाह एवं जल शक्ति मंत्री सीआरपाटिल से मिले सांसद विवेक साहू





**छिंदवाड़ा।** लोकसभा चल रही है, छिंदवाड़ा-पांढुर्ना के सांसद विवेक बंटी साहू गृह मंत्री अमित शाह एवं केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर पाटिल से मिले एवं सिंचाई का रकबा बढ़ाने की मांग की। गृहमंत्री से भी उन्होने छिंदवाड़ा के संबंध में चर्चा की।

## पुलिस ने किया अवैध देशी शराब बरामद

**अमरवाड़ा** अमरवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सहायक उप निरीक्षक करतार सिंह बघेल ने ग्राम बरढाना के राजकुमार नामक व्यक्ति के पास से कच्ची देसी महुआ की शराब बरामद की वही की वही प्रधान आरक्षक राम गणेश तिवारी ने ग्रामतेन्दनी मॉल में कमलेश नामक युवक के पास से भी अवैध कच्ची देसी महुआ की शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम ने मामला पंजीबद का विवेचना में लिया।

## जहरीली वस्तु के सेवन करने से महिला गंभीर, चिकित्सालय रेफर

**अमरवाड़ा।** अमरवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम करबडोलनिवासी 35 वर्षीय महिला के द्वारा जहरीली वस्तु के सेवन करने से उसे प्राथमिक उपचार के लिए सिविल अस्पताल अमरवाड़ा लाया गया महिला की हालत गंभीर होने से उसे छिंदवाड़ा रेफर कर दिया गया

## 14 उपवन क्षेत्रपाल बने वन परिक्षेत्र अधिकारी



**छिंदवाड़ा।** वन विभाग द्वारा पदोन्नति किए गए छिंदवाड़ा जिला के 14 वन उप वनक्षेत्रपालों को सीसीएफ बी मधुराज वनमंडल अधिकारी विजेंद्र श्रीवास्तव बनमंडल अधिकारी वासनिका जी वनमंडलमंडल अधिकारी निगम साहब द्वारा सभी पदोन्नति वन क्षेत्र वालों को स्टार लगाकर सम्मानित की गई एवं आगामी उज्जवल भविष्य शुभकामनाएं प्रेषित की गई ।

## सांसद द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सराहनीयः पं रमेश दुबे



**चौरई ।** सांसद विवेक बंटी साहू के प्रेरणा से रोटरी क्लब के तत्वाधान में 100 दिन तक जिलेभर में चलने वाले निशुल्क स्वास्थ्य शिविर की श्रृंखला में बिछुआ के ग्राम खमरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक पं रमेश दुबे के मुख्य आतिथ्य में किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्री दुबे, जिलापं सदस्य लखन वर्मा, मंडल अध्यक्ष गोलू नागरे , नप अध्यक्ष रामचंद बोबडे, जंप उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे, रोटरी क्लब के अध्यक्ष दीपक खंडेलवाल, समाजसेवी चंदू जैन एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।पूर्व विधायक श्री दुबे ने कहा कि सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा यह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर जिलेभर के जरूरत मंद लोगों का निशुल्क उपचार प्रदान करने के लिए किया जा रहा है सांसद का यह शिविर का आयोजन सराहनीय है इस तरह के आयोजन से आमजन को इलाज के भटकना नहीं पड़ता है।रोटरी क्लब के अध्यक्ष दीपक खंडेलवाल ने शिविर संबंधित बात रखी ।

## मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार, थीम पर आधारित एड्स जागरूकता

### जिला अस्पताल से निकाली रैली



**छिंदवाड़ा।** अभ्युदय लोक सेवा संस्थान द्वारा विश्व एड्स दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत टीआई कार्यालय में उपस्थित जनों को रैली निकालने सम्बंधित प्रोजेक्ट डारेक्टर स्वेतल जैन, परियोजना प्रबन्धक सुनील बंदेवार काउंसलर इरशाद डेहरिया, अकाउंटेंट दीपक कुमार चोरिया के नेतृत्व में समझाया गया व नारे की तकती बेनर के साथ अधिकारों की राह अपनायें ~ मेरा सवास्थ्य, मेरा अधिकार) थीम पर आधारित एड्स जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में 1 बजे जागरूकता रैली निकाली गई। रैली जिला चिकित्सालय से फववारा चौक, इंदिरा तिराहा एवं कलेक्ट्रेट के पीछे सब्जी मार्केट से होती हुई पुनः जिला चिकित्सालय में आकर संपन्न हुई। जिसमे डीएसआरसी काउंसलर डॉ केशव प्रसाद झारिया आईसीटीसी से सोमा सिंह यादव, गीता धुर्वे, लिंक वर्कर स्कीम जनमंगल संस्थान से जिला रिसोर्स पर्सन दिवाकर कराड़े, जोनल सुपरवाइज़र अकील अहमद, नितेश डेहरिया एवं समस्त लिंक वर्कर रैली में उपस्थित रहे।, जीवीएम परसिया परियोजना प्रबन्धक अमर रजक, आकाश बेन एवं उनकी टीम, एआरटी से ऋचा दुबे की उपस्थिति में किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में ओ आर डब्लू पदमा ठाकरे, नीतू शेंडे, कमला पंद्राम, सोनू सोनी, अंजू सोनी, पंकज नागले, ज्योति साहू, स्वप्निल राउत, दामिनी, शालू , सहीरा, यास्मिन कोसर आदि ने सहयोग रहा।

### सुनील बजाज में निकाला गया लकी ड्रा...

## रातानू को मिला प्रथम पुरूस्कार



छिंदवाड़ा। दिवाली के शुभ अवसर पर आयोजित सुनील बजाज के लकी ड्रा कार्यक्रम का आज भव्य समापन हुआ। यह आयोजन न केवल आकर्षक ऑफर्स और उपहारों से भरा था, बल्कि ग्राहकों के लिए खास अनुभव भी लेकर आया। इस कार्यक्रम में 200 से 300 ग्राहकों ने भाग लिया और अपनी उपस्थिति से इसे यादगार बना दिया।

**कार्यक्रम की शुरुआत-** इस भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ सुनील मिगलानी (मैनेजिंग डायरेक्टर, सुनील बजाज) ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। उन्होंने लकी ड्रा का उद्घाटन करते हुए कहा, हमारे ग्राहक हमारे परिवार का हिस्सा हैं। उनका सम्मान और संतुष्टि हमारी प्राथमिकता है। ऐसे आयोजन ग्राहकों के साथ हमारे रिश्ते को और मजबूत बनाते हैं।

पुरस्कार विजेता-कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया गया~

प्रथम पुरस्कार- रातानु भारती - फ्रीज, दूसरा पुरस्कार- सीताराम चोरिया - 43 इंच स्मार्ट टीवी तीसरा पुरस्कार- सुनील उइके - माइक्रोवेव ओवन चौथा पुरस्कार- अजेश विश्वकर्मा - इंडक्शन पांचवा पुरस्कार- विशाल पहाड़े - मिक्सर ग्राइंडर इसके अतिरिक्त, 10 ग्राहकों को आकर्षक पुरस्कार भी दिए गए। खास ऑफरश्री मिगलानी ने इस मौके पर एक विशेष घोषणा भी की। बजाज वाहन की बुकिंग या खरीद पर ग्राहकों को रू.1500 से रू.2000 मूल्य के 2 हेलमेट मुफ्त दिए जाएंगे। यह ऑफर ग्राहकों के लिए सुरक्षा और खुशी का तोहफा है।

**ग्राहकों का धन्यवाद** कार्यक्रम के अंत में, श्री मिगलानी ने सभी उपस्थित ग्राहकों का आभार व्यक्त किया और उनसे इसी तरह के सहयोग और विश्वास बनाए रखने की अपील की। उन्होंने यह भी वादा किया कि भविष्य में और भी ऐसे आयोजन किए जाएंगे।सुनील बजाज का यह कार्यक्रम अपने ग्राहकों के लिए एक यादगार शाम बन गया, जिसमें न केवल जीत का उत्साह था, बल्कि आपसी संबंधों की मिठास भी।

## अनूठा आयोजन-नाग दीपावली पर विविध कार्यक्रम

छिंदवाड़ा। मानवों की दीपावली, इसके उपरांत देवों की दीपावली एवं सनातनी परंपरा में अब नाग दीपावली को आयोजित करने का सौभाग्यपूर्ण अवसर छिंदवाडा को प्राप्त हो रहा है।गजानन गुणगान मंडल के संचालक आनंद बक्षी ने बताया, कि शुक्ल पक्ष की पंचमी को नागदीपावली दिनाँक 6 दिसंबर दिन शुक्रवार को विवेकानंद कालोनी स्थित शिव गजानन मंदिर में दिव्य रूप से मनायी जायेगी।यह उल्लेखनीय है कि, संपूर्ण मध्यप्रदेश में छिंदवाडा शहर को यह सौभाग्य प्राप्त है कि, पिछले अनेक वर्षों से नाग दीपावली का उत्सव आयोजित किया जाता है।संत गजानन गुणगान मंडल द्वारा मंदिर के मूर्ति स्थापना दिवस पर नाग दीपावली के अवसर पर 6 दिसंबर को प्रातः 7.30 बजे से वैदिक मंत्रोच्चार से देवी देवताओं का अभिषेक किया जायेगा। इस पूजन में विशेष तौर से सर्पराज वासुकी, सर्पदेवता गूगाजी एवं नागराज तथा मंदिर में प्रकट स्वयंभू भगवान नागराज का पूजन किया जायेगा।सनातन परम्परा की गौरवशाली मान्यताओं के अनुरूप नाग दीपावली पर्व में मातृ शक्ति द्वारा वंशवृद्धि एवं संतान की सुख समृद्धि तथा उत्तरोत्तर प्रगति की कामनाओं के साथ घी युक्त दीप भगवान के चरणों में प्रज्जवलित किये जाते हैं। शिव गजानन मंदिर में शाम 5.00 बजे से दीपदान किया जायेगा।संत गजानन गुणगान मंडल द्वारा इस अवसर पर प्रत्येक घर से पाँच दीप अथवा मनोकामना दीप प्रज्वलित कर नाग दीपावली का यह उत्सव आयोजित किया जाता है। संत गजानन गुणगान मंडल के संजय औरंगाबादकर, रजनीकांत वाजपेयी, सुभाष स्मार्त, सौं. श्रुति सांइखेडकर, किशोर तातेकर, कृष्णा मंगरूलकर, सुधीर साईखेडकर, सौ. वर्षा पाठक, श्रीमती विजया धोटे, सौ. अर्चना जोशी, सौ. मोना कस्तूरे, श्याम माहोरे, प्रदीप मूले, संदीप फिरके ने सभी धर्मप्रेमी समुदाय तथा विशेषकर मातृशक्ति से नाग दीपावली उत्सव में दीप दान कर पुण्यार्जन का आग्रह किया है।

## संसद में गूंजी छिंदवाड़ा की आवाज सांसद बंटी विवेक साहू ने रेलवे संशोधन विधेयक पर चर्चा कर समर्थन किया

### छिंदवाड़ा से नरसिंहपुर,सागर होती हुई रेल लाइन बिछाने पांढुर्णा से खंडवा तक दादाधाम एक्सप्रेस चलाने की मांग रखी




छिंदवाड़ा। पांढुर्णा संसदीय क्षेत्र के सांसद बंटी विवेक साहू ने लोकसभा में रेलवे संशोधन विधेयक बिल पर अपना समर्थन करते हुए विस्तार से अपनी बात रखी उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के कार्यकाल में रेलवे की उपलब्धियां पर विस्तार से चर्चा की और रेलवे की उपलब्धियां गिनाई ।आजादी के बाद पहली बार छिंदवाड़ा की माटी में जन्मे व्यक्ति ने लोकसभा में जनता की आवाज उठाई है। सांसद को लोकसभा में आवाज उठाते देख जनता ने खुशी व्यक्त की। उन्होंने रेलवे विधेयक पर अपना समर्थन करते हुए कहा कि 2014 के बाद नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने एवं हमारे रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे को नई दिशा प्रदान की है। प्रधानमंत्री के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने में हमें देखने मिलता है तो वह रेलवे विभाग में मिलता है। सांसद श्री साहू ने कहा कि रेलवे विधायक रेलवे ढ़ांचे को आधुनिक बनाएगा और विकास में अपनी भूमिका निभाएगा यह दूरदर्शी पहल है जो मेरे मध्यप्रदेश और संसदीय क्षेत्र के लिए लाभकारी होगा। सांसद ने कहा की रेलवे विधेयक से रोजगार और नौकरी के साधन बनेंगे। सांसद श्री साहू ने लोकसभा में विधेयक में चर्चा के दौरान अपने संसदीय क्षेत्र की रेलवे से संबंधित मांगे भी उठाई उन्होंने छिंदवाड़ा से नरसिंहपुर सागर होते हुए रेलवे लाइन बिछाई जाने की बात रखी,एवं कहा कि लाइन बिछाई जाएगी तो दक्षिण भारत से आने वाले और उत्तर भारत तक आने वाले यात्रियों को 120 किलोमीटर बचेंगे साथ ही रेलवे विभाग को करोड़ों रुपए बचेंगे और 3 घंटे से ज्यादा समय बचेगा। साथ ही उन्होंने संसदीय क्षेत्र के पांढुर्ना में कोरोना काल के दौरान बंद हुई पांढुर्णा से खंडवा तक दादाधाम एक्सप्रेस को पुनः प्रारंभ करने की मांग की सांसद ने कहा कि दादाधाम के लाखों भक्त हैं उनकी दादा जी में बड़ी श्रद्धा है। इसलिए पांढुर्णा से खंडवा तक दादाधाम एक्सप्रेस पुनः प्रारंभ की जाए।

## शहर में चल रहा है शिक्षा का खुला व्यवसायीकरणः एन.एस.यू.आई.

### शहर में संचालित कोचिंग सेन्टर नियमों को ताक पर रख हो रहे संचालित



छिंदवाड़ा। वर्तमान में संपूर्ण छिंदवाड़ा नगर में लगभग 200-300 कोचिंग सेन्टरों का संचालन किया जा रहा है, परंतु इन कोचिंग सेन्टर संचालकों द्वारा सारे नियमों को ताक पर रखकर सेन्टर का संचालन किया जा रहा है । इसके विरोध में शहर एन.एस.यू.आई. नेता सत्येन्द्र अहिरवार के नेतृत्व में आज एस.डी.एम. के नाम ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में मांग की है नगर में संचालित समस्त कोचिंग संस्थाओं में छात्र-छात्राओं की सुविधा हेतु लायब्रेरी हो, उनकी सुरक्षा के लिये फायर यंत्र लगवायें जावे और छात्रों से वसूली जा रही मनमानी फीस की वसूली पर रोक लगायी जाकर कोचिंग संस्थाओं में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की फीस शासन द्वारा निर्धारित की जावे । एन.एस.यू.आई. जिलाध्यक्ष अजय ठाकुर ने प्रशासन पर आरोप लगाया है कि शहर में शिक्षा का खुला व्यवसायीकरण चल रहा है, और नियमों को ताक पर रखकर शैक्षणिक संस्थान संचालित किये जा रहे हैं । इतनी बड़ी लापरवाही को देखते हुये भी प्रशासन का मौन रहने पर प्रश्न चिन्ह लगता है, और प्रशासन की इसी अनदेखी के चलते किसी दिन बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है । यदि प्रशासन इन कोचिंग संस्थानों पर कार्यवाही नहीं करता है आगामी दिनों में एन.एस.यू.आई. इनके विरूद्ध उग्र आंदोलन करेगी ।

## भाजपा ने जिले के विकास पर लगा दिया पूर्ण विरामः एकलव्य यहाके

### हॉर्टिकल्चर कॉलेज का सपना रह गया अधूरा

### पंद्रह माह की कमलनाथ सरकार में स्वीकृत हुआ था कॉलेज

छिन्दवाड़ा मप्र के उन्नत व कृषि प्रधान जिले छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना ने कृषि के क्षेत्र में नए कीर्तिमान हासिल किए हैं। सोयाबीन, कपास, मक्का व संतरा से दोनों ही जिलों की पहचान है। 45 वर्ष के स्वार्णिम काल के साथ-साथ विकास की रफ्तार को अपनी आंखों से देखने वाले इन दोनों ही जिलों में अब भाजपा ने विकास पर पूर्ण विराम लगा दिया है। नई योजनाएं व परियोजनाओं की बात तो दूर भाजपा माननीय कमलनाथ जी की पंद्रह माह की सरकार में स्वीकृत व मंजूर योजनाओं को भी चालू नहीं करा पा रही, इससे बड़े दुर्भाग्य की बात और क्या हो सकती है। उक्त उदगार आज जारी प्रेस विज्ञप्ति में युवक कांग्रेस अध्यक्ष एकलव्य यहाके ने व्यक्त किए हैं।

एकलव्य यहाके ने जारी बयान में आगे कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से लेकर स्थानीय नेता कहते नहीं थकते थे कि केन्द्र व राज्य में भाजपा की दो इंजिन वाली सरकार है, इसमें छिन्दवाड़ा से तीसरा इंजिन जुड़ेगा तो विकास की गंगा बह उठेगी, किन्तु वर्तमान में तो विकास का सूखा पड़ा है। तीन इंजिन मिलकर भी विकास को गति नहीं दे पा रहे इससे प्रथम दृष्ट्या यह प्रतीत हो रहा है कि इंजिन के टायरों की हवा निकल चुकी है या फिर विकास आमजन के लिए नहीं बल्कि व्यक्तिगत हित लाभों तक सीमित होकर रह गया, इसीलिए छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना की जनता विकास से वंचित हो रही। अगर नई योजनाएं व परियोजनाएं लाना कठिन साबित हो रहा है तो कम से कम 15 माह की श्री कमलनाथ जी की सरकार में स्वीकृत हुए कार्यों को ही प्रारंभ कर पूर्ण करा दें। क्योंकि कमलनाथ ने अपने मुख्यमंत्रित्व कार्याकाल में छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले में बढ़ती उद्यानिकी फसलों को ध्यान में रखते हुए हार्टिकल्चर महाविद्यालय की सौगात दी थी। दोनों ही जिलों के साथ-साथ पड़ोस के सिवनी, बालाघाट व बैतूल जिले के छात्र-छात्राओं को हार्टिकल्चर से सम्बंधित विषयों की शिक्षा प्राप्त करने हेतु महानगरों की ओर रूख ना करना पड़े इस मंशा को दृष्टिगत रखते हुए कमलनाथ व नकुलनाथ ने हार्टिकल्चर कॉलेज की सौगात दी थी ताकि आदिवासी वर्ग व अन्य वर्ग के छात्र-छात्राएं जो महानगरों में रहने-खाने का खर्च नहीं उठा सकते व निजी महाविद्यालयों की फीस अदा करने में सक्षम नहीं होते वे स्थानीय स्तर पर ही उच्च शिक्षा हासिल कर सकें। किन्तु भाजपा ने सत्ता में आते ही सर्वप्रथम छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले के आदिवासी वर्ग के विद्यार्थियों के साथ ही गरीब परिवार के युवाओं के सपने तोड़ दिए। आज तक भी सरकार ने हार्टिकल्चर महाविद्यालय को प्रारंभ कराने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया, यह भाजपा का छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले के साथ सौतेला व्यवहार है जिसका सामना जनता पिछले 20 वर्षों से लगातार कर रही है।

युकां जिलाध्यक्ष श्री यहाके ने आगे कहा कि जिले में विकास, उद्योग और नई कम्पनियां खुलवाकर रोजगार देने का दंभ भरने वाली भाजपा की सरकार में विकास व रोजगार दूर की कौड़ी साबित हो रही। विकास पर तो पूर्ण विराम लगा दिया गया है। जिम्मेदार इन विषयों पर मौन है, केवल फोटो खिंचवाकर जनता को गुमराह करने में जुटे हैं। व्यक्तिगत लाभ अर्जन में जुटी भाजपा की सरकार से जनता विकास की राह देख रही, क्योंकि यह वही जनता है जिसने कमलनाथ व नकुलनाथ का कार्यकाल भी देखा है। सरकार किसी भी राजनीतिक दल की रही हो कभी विकास की रफ्तार को कम नहीं होने दिया। विपरित परिस्थितियों में भी कार्य हुए। किन्तु आज नई योजनाएं व परियोजनाएं तो दूर की बात पुरानी भी प्रारंभ नहीं हो पा रही, क्योंकि भाजपा ने विकास की रफ्तार पर पूर्ण विराम लगा दिया है।

## तीन स्थानों पर जुआं के फड़ों पर दविश

अमरवाड़ा। नो जुआड़ियो के पास से जप्त हुए 10000/- अमरवाड़ा। अमरवाड़ा थाना अंतर्गत शहर से ही लगे हुए नजदीकी क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर बिजली के खाबो आदि की रोशनी के नीचे जुआ खेलने की मिल रही लगातार शिकायत पर नगर निरीक्षक राजेंद्र सिंह धुर्वे मैं एक टीम बनाकर जिसमें स्वयं भी शामिल होकर टीम में उप निरीक्षक विजेंद्र मार्को, प्रधान आरक्षक जय सिंह बघेल, आरक्षक नरेंद्र, राजेंद्र बघेल ,श्याम, संदीप, अनुज, जगमोहन की टीम बनाकर थावड़ी कला गौशाला के पास लगे हुए बिजली के खंबे के बल्ब की रोशनी में ताश पत्तों पर दांव लगाकर जुआ खेल कर अवैध लाभ अर्जित कर रहे लोगों की सूचना मिलने पर अमरवाड़ा पुलिस की टीम ने धर दबोचा, वहां आरोपी सुखराम ,रितेश ,प्रदीप को जुआ खेलते हुए ?3000 पुलिस ने जप्त किया , इसी प्रकार फिल्टर प्लांट ,गिट्टी केसर के पास पुलिस द्वारा रेड करने पर विक्रांत, सिद्धार्थ ,हीरालाल। नामक तीन आरोपी जुआ खेलते हुए पाए गए उनके पास से 4500 रुपए जप्त किए गए ।

## राज्यपाल ने गुरुकुल के विद्यार्थी को पुरुस्कृत किया



छिंदवाड़ा। उच्च शिक्षा एवं उत्तम संस्कार के लिए ख्याति प्राप्त श्री शक्ति ट्रस्ट द्वारा संचालित सन्त श्री आशारामजी गुरुकुल के विद्यार्थी तुषार लहारे कक्षा 7 को म.प्र. के राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने प्रमाण पत्र और 9 हजार 500 रुपये की राशि देकर पुरुस्कृत किया । यह पुरस्कार विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर दिया है। पूरे म.प्र. ने इस चित्रकला प्रतियोगिता में 100 प्रतियोगियों ने भाग लिया था । जिले के लगभग 5 हजार स्कूलों में से गुरुकुल के विद्यार्थी का चयन हुआ । यह जिले के लिए गौरव की बात है । उक्त गुरुकुल आधुनिक शिक्षा के साथ आध्यात्मिक शिक्षा के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है । इसलिए इस गुरुकुल में देश भर के 24 राज्यों के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। ऐसे कई बार अवसर आये कि समय - समय पर मुख्यमंत्री, राज्यपाल, जिला कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी गुरुकुल के विद्यार्थियों को सम्मानित करते रहें हैं । तुषार पिता गुनिराम लहारे मूलतः छत्तीसगढ़ का निवासी है ।

## संकल्प स्कूल के बच्चों ने प्रकृति को करीब से जाना

### संकल्प स्कूल के बच्चों द्वारा डोंगरेदेव जमतरा वन भ्रमण किया गया




छिंदवाड़ा। संकल्प पब्लिक स्कूल बींझावाडा के बच्चों ने वन भ्रमण किया, जिसमें उन्होंने वन्य जीवन और प्रकृति के बारे में जानकारी प्राप्त की। लगभग 50 बच्चों ने भाग लिया, जो विभिन्न कक्षाओं से थे। बच्चों ने वन भ्रमण के दौरान विभिन्न पौधों, जानवरों और पक्षियों के बारे में जानकारी दी गई। वन भ्रमण के समय, बच्चों को वन्य जीवन के बारे में कई रोचक तथ्यों को जानकारी दी गई । उन्होंने वन के विभिन्न पौधों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की, जैसे कि उनके नाम, उपयोग और महत्व।वन भ्रमण के बाद, बच्चों ने वन्य जीवन के बारे में अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने वन भ्रमण को बहुत ही रोमांचक और ज्ञानवर्धक बताया।प्रधान पाठिका कु. साधना सनोडिया ने बताया वन भ्रमण एक बहुत ही अच्छा अनुभव था। बच्चों ने वन्य जीवन के बारे में बहुत कुछ सीखा। हमें उम्मीद है कि यह अनुभव बच्चों को वन्य जीवन के प्रति अधिक जागरूक और जिम्मेदार बनाएगा। वन भ्रमण के आयोजन में विद्यालय की। शिक्षिका श्रीमती शोभा, कु. चांदनी साहू, बबीता ठाकुर, सिमरन, वैशाली, श्रीमती हेमलता शर्मा का सहयोग रहा 7 पालकों द्वारा इस आयोजन की सराहन की गई एवं भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन करने के लिए आग्रह किया गया

## जिला अस्पताल में लंबित जन्म प्रमाण पत्रों का निस्तारण, सभी पेंडेंसी पूर्ण

छिंदवाड़ा। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि जिला अस्पताल में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में देरी हो रही है और लंबित मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कलेक्टर ने अपर कलेक्टर श्री के.सी.बोपचे को निर्देश दिए कि लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा किया जाए। अपर कलेक्टर श्री बोपचे ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए टीम के साथ मिलकर सभी लंबित प्रमाण पत्रों का शीघ्र निस्तारण किया। अब तक की जानकारी के अनुसार, अस्पताल में कुल 2265 जन्म प्रमाण पत्र लंबित थे, जिनमें डिजिटलीकरण के दौरान पुराने 1725 प्रमाण पत्र, जुलाई माह के 226, अगस्त माह के 135 और सितंबर माह के 179 प्रमाण पत्र शामिल थे। इस प्रकार 3 दिसंबर तक सभी 2265 लंबित मामलों का निस्तारण कर दिया गया है।

## लापरवाही करने वाले शिक्षकों पर होगी कार्यवाही

### सहायक संचालक ने किया विभिन्न स्कूलों का औचक निरीक्षण



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के आदेशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल के निर्देशानुसार शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर से बेहतर बनाने के लिये लगातार शासकीय स्कूलों का विभिन्न अधिकारियों के द्वारा औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी के चलते आज 3 दिसंबर को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सहायक संचालक डी.पी.डेहरिया ने विभिन्न शासकीय स्कूलों का औचक निरीक्षण किया, जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेघा सिवनी, शासकीय हाइ स्कूल बम्हनी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झुर्रेमाल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पलटवाड़ा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पलटवाड़ा स्कूल में 04 दिसंबर 2024 आयोजित होने वाली राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण नेस की परीक्षा की पूर्व तैयारी का अवलोकन किया गया, जिसमें 30 बच्चों द्वारा परीक्षा देना बताया गया। सारी तैयारी विद्यालय द्वारा पूर्ण कर ली गई है, स्कूल के निरीक्षण के दौरान आईटीसी लैब स्मार्ट क्लास के संचालक पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। क्लासेस नियमित लगाने के अनुदेश प्रदान किए गए। साथ ही रेमेडियल क्लास, अर्धदवार्षिक परीक्षा, अपार आईडी, एमपी टास व छात्रवृत्ति इत्यादि योजनाओं का लाभ बच्चों को यथा शीघ्र मिले और बच्चों के हितार्थ के लिये अध्यापन कार्य पूर्ण निष्ठा और मेहनत के साथ करने की बात कही। वही बम्हनी हाई स्कूल में एक शिक्षक श्री एम.एल. भलावी अनुपस्थित पाए गए, जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। साथ ही सीएम हेल्प लाईन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण तरीके से शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए । वही इन विद्यालयों में जे.ई.ई. औरर नीट की कक्षाओं को भी देखा एवं अपार आई.डी. औरर

# भिंड में बैठक प्रभारी मंत्री पटेल ने ली जिला योजना समिति की बैठक, मंत्री शुक्ला मौजूद

**भिंड/भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण,श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद पटेल दो दिवसीय दौरे पर भिंड पहुंचे। भिंड पहुंचने पर मोहन सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला ने उनका अतिथि देवो भव के साथ स्वागत किया।

मंत्री राकेश शुक्ला भिंड जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल के साथ भिंड में आयोजित जिला योजना समिति की बैठक में शामिल हुए। जिला योजना समिति की बैठक में भिंड जिले के सभी विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष और प्रशासनिक अधिकारी के साथ विकास के रोड मैप पर प्रभारी मंत्री पटेल और मंत्री राकेश शुक्ला ने चर्चा की।



# प्रदेश में रात का तापमान बढ़ा, बर्फीली हवा से भोपाल, इंदौर, ग्वालियर-चंबल ठिठुरे

**भोपाल।** बर्फीली हवा की वजह से मध्यप्रदेश के भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग में दिन में ठंडक बढ़ गई है। यहां दिन के पारे में 3 डिग्री की गिरावट हुई है। दूसरी ओर, फेंगल तूफान ने रात के टेम्परेचर को बढ़ा दिया है। कई शहरों में तो पारा 17 डिग्री के पार है। अगले 2 दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। फिर रात के तापमान में भी गिरावट होने लगेगी।

मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया- फेंगल तूफान की वजह से पूरे प्रदेश में बादल छाए हुए हैं। बुधवार को भी ऐसा ही मौसम रहा। इस कारण रात के टेम्परेचर में बढ़ोतरी हुई है। तूफान का असर अगले 2 दिन तक और रह सकता है। इसके बाद रात का टेम्परेचर तेजी से लुढ़कने लगेगा।

**हवा की रफ्तार बढ़ी-** प्रदेश में उत्तरी हवाओं की रफ्तार बढ़ गई है। औसत 8 से 12 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चल रही है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम-उत्तर भारत में 12.6 किमी की ऊंचाई पर 268 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से जेट स्ट्रीम हवाएं चल रही हैं। हवा की ऊंचाई जैसे ही कम होगी, प्रदेश में ठिठुरन और भी बढ़ जाएगी। जिसके असर से दिन-रात के तापमान में खासी गिरावट देखने को मिल सकती है।



**आज भी बादल छाए रहेंगे, बारिश के आसार नहीं-** बुधवार को भोपाल समेत कई जिलों में बादल छाए रहे। एक-दो दिन तक ये बादल छाए रहेंगे, लेकिन बारिश होने के आसार नहीं है। रात में ग्वालियर-चंबल में सबसे ज्यादा ठंड है। मंगलवार-बुधवार की रात में ग्वालियर में टेम्परेचर 11.4 डिग्री दर्ज किया गया। भिंड, मुरैना, श्योपुर, दतिया में भी तापमान लुढ़का रहा। दूसरी ओर, भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, उज्जैन, जबलपुर समेत अन्य शहरों में तापमान बढ़ गया है। प्रदेश के 9 शहर ही ऐसे रहे, जहां तापमान 12 डिग्री से कम रहा हो। इनमें शिवपुरी के पिपरसमा, टीकमगढ़, छतरपुर का खजुराहो, नौगांव, शहडोल का कल्याणपुर, अशोकनगर के आंवरी, नरसिंहपुर, रायसेन शामिल हैं। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 15.8 डिग्री, इंदौर में 18.4 डिग्री, ग्वालियर में 11.4 डिग्री, उज्जैन में 16.5 डिग्री और जबलपुर में 12.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

### 15 दिन मौसम में ऐसा ही उतार-चढ़ाव

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 15 दिन तक मौसम में ऐसा ही उतार-चढ़ाव होता रहेगा। कड़ाके की ठंड का दौर 20 दिसंबर से शुरू होगा, जो जनवरी तक बना रहेगा। इन्हीं 40 दिनों में 20 से 22 दिन कोल्ड वेव यानी, सर्द हवाओं की भी स्थिति बन सकती है। सबसे ज्यादा ठंड उज्जैन, ग्वालियर-चंबल संभाग में रहेगी। वजह बर्फीली हवाएं सीधे आना है। दूसरे पखवाड़े में ही मावठा यानी, बारिश भी हो सकती है। बता दें कि नवंबर में सर्दी रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। भोपाल में तो 36 साल का रिकॉर्ड टूटा है। इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और ग्वालियर में भी पारा सामान्य से 7 डिग्री तक नीचे रहा, लेकिन कड़ाके की ठंड दिसंबर में पड़ेगी। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, इस बार ग्वालियर, उज्जैन और चंबल संभाग सबसे ज्यादा ठिठुरेंगे। यहां कोल्ड वेव यानी सर्द हवाएं भी चलेंगी।

## 12वें दिन वन मंत्री राम निवास रावत का इस्तीफा मंजूर

**भोपाल।** विजयपुर विधानसभा उपचुनाव में हार का सामना करने वाले वन मंत्री राम निवास रावत का इस्तीफा 12 दिन बाद मंजूर हो गया है। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विदेश दौरे से लौटने के बाद 2 दिसंबर को रावत के इस्तीफे को अनुशंसा के लिए राज्यपाल मंगू भाई पटेल के पास भेजा था।



बुधवार देर शाम राजभवन से इस्तीफे पर अनुशंसा कर मंजूरी की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। रावत का इस्तीफा मंजूर होते ही अब नए वन मंत्री की तलाश शुरू हो गई है। इस पद के लिए पीएचई मंत्री संपतिया उईके और विजय शाह की दावेदारी सबसे मजबूत मानी जा रही है।

वन्य प्राणियों से जुड़े इस महकमे को पाने के लिए दूसरे मंत्री भी तैयार हैं। रावत कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए और वन मंत्री रहते हुए चुनाव लड़े थे। सूत्रों की माने तो ऐसे में सरकार उन्हें जल्द ही किसी नए पद की जिम्मेदारी दे सकती है।



## धरना प्रदर्शन

**भोपाल।** मंत्रालय के समीप स्थित झुग्गीबस्तियों को हटाये जाने के विरोध में आज धरना दिया गया। इसमें पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, मुकेश नायक आदि मौजूद रहे।



## दिव्यांश व्यास को राज्यपाल ने किया सम्मानित



**भोपाल।** पच्चीस बरस की उम्र में द मांट्रियल यूनिवर्सिटी से मास्टर पोस्ट ग्रेजुएट टॉप करके आये दिव्यांश हैं इससे पूर्व वे दिल्ली विश्वविद्यालय से अंग्रेज़ी साहित्य में आनर्स स्नातक भी प्रथम श्रेणी में प्रथम उत्तीर्ण हुए भारत आते ही लेक्चरर प्रोफ़ेसर के चयन की परीक्षा में भी सिलेक्ट हो गये दिव्यांश अंग्रेज़ी में लिखने वाले नाटककार हैं जिनका नाटक द अननोन दिल्ली के प्रख्यात इंगलिश थियेटर अक्षरा में मंचीत भी हुआ और बेहद सफल भी रहा , बहुत छोटी उम्र में फुटबॉल के अच्छे खिलाड़ी और पियानो वादक दिव्यांश उज्जयिनी में जन्मे और दिल्ली कनाडा में रहें , वे हिंदी के प्रख्यात लेखक राजशेखर व्यास के छोटे सुपुत्र और पद्म भूषण पंडित सूर्यनारायण व्यास के पौत्र हैं दिव्यांश की माँ भी दिल्ली विश्वविद्यालय में अंग्रेजी की ऐसोसिएट प्रोफ़ेसर हैं !

## राइस मिलर्स की हड़ताल से धान खरीदी पर संकट, सीएम से मिले प्रतिनिधि



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में 2 दिसंबर से शुरू हुई धान खरीदी अगले कुछ दिनों में बाधित हो सकती है। सरकार द्वारा खरीदी गई धान की प्रोसेसिंग कर चावल बनाने और उसे एफसीआई व नागरिक आपूर्ति निगम को सप्लाई करने वाले राइस मिलर्स हड़ताल पर हैं। उनका कहना है कि सरकार पर उनका करीब 1,000 करोड़ रुपये बकाया है, लेकिन अधिकारी उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे।

बुधवार को राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्रालय में मुख्यमंत्री से मुलाकात की, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। इससे पहले, राइस मिलर्स ने नागरिक आपूर्ति निगम के ऑफिस में जाकर एमडी पीएन यादव को मिलों की चाबियां सौंप दीं। राइस मिलर्स का कहना है कि सरकार के नियमों के अनुसार, धान खरीदी के लिए 54 प्रतिशत नया वारदाना और 46 प्रतिशत पुराना वारदाना उपयोग किया जाता है। नया वारदाना सरकार उपलब्ध कराती है, लेकिन पुराना वारदाना राइस मिलर्स को देना पड़ता है। उन्हें पुराने वारदाने के लिए मिलने वाला किराया भी अब तक नहीं दिया गया है। मिलर्स ने साफ कहा है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे हड़ताल जारी रखेंगे और वारदाना भी उपलब्ध नहीं कराएंगे।

## ग्वालियर-इटावा रेलवे लाइन के दोहरीकरण की प्रक्रिया शुरू, छह ओवर व 18 अंडर ब्रिज बनेंगे

**भिंड।** ग्वालियर-भिंड-इटावा रेलवे लाइन के दोहरीकरण को लेकर रेलवे के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। जल्द ही इलेक्ट्रिक लाइन के लिए डीपीआर तैयार होगी। ग्वालियर के बिरलानगर से उत्तर प्रदेश के इटावा तक 114 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर छह ओवर



ब्रिज और 18 अंडर ब्रिज का निर्माण कराए जाने के लिए स्थान चिह्नित किए गए हैं। रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि इस लाइन पर निरीक्षण में उन स्थानों को देखा जा रहा है, जहां ओवर व अंडर ब्रिज बनाए जाने की आवश्यकता है, इसके बाद डीपीआर व आगे की प्रक्रिया चलेगी। एक से डेढ़ माह के बीच इन ब्रिजों के निर्माण को लेकर मंजूरी मिल जाएगी। ग्वालियर से इटावा के बीच अभी सिंगल लाइन है। इस पर ही अप और डाउन दोनों ओर की ट्रेनों का आवागमन होता है। ऐसे में यदि दोनों ओर से ट्रेन एक साथ आ जाती हैं, तो एक गाड़ी को आउटर में या किसी स्टेशन पर रोका जाता है, तब दूसरी गाड़ी की क्रासिंग हो पाती है। इससे यात्रियों को इंतजार करना पड़ता है।

ट्रेन को भिंड से ग्वालियर के बीच की दूरी तय करने में ही दो घंटे से अधिक का समय लग रहा है। भिंड रेलवे से स्टेशन से दिल्ली, अहमदाबाद और भोपाल के लिए ट्रेन चलाए जाने की मांग लंबे समय से चल रही है। ऐसे में इस लाइन का दोहरीकरण होने से एक तरफ जहां ट्रेनों की संख्या बढ़ेगी। वहीं ट्रेनों को क्रॉस करने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

## एरियर को लेकर उठी मांग, कर्मचारियों ने मांगा 9 महीने का पैसा

**भोपाल।** हाईकोर्ट के आदेश के बाद विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगियों को बढ़ा वेतन मिलेगा। कर्मचारियों का कहना है कि नौ माह का एरियर भी दिया जाए। मप्र कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे के अनुसार इंदौर हाईकोर्ट का फैसला कर्मचारियों की बड़ी जीत है।

कोर्ट ने नई वेतनवृद्धि का लाभ एक अप्रेल 2024 से देने का आदेश पारित किया है। अब अर्धकुशल श्रमिक दैनिक वेतन भोगियों को 10175 के स्थान पर 11800, अर्धकुशल श्रमिक को 11032 के स्थान पर 12996, कुशल श्रमिक को 12400 की जगह 14519 एवं उच्च कुशल श्रमिक को 13710 के स्थान पर 16144 रुपए वेतन मिलेगा।

### ओबीसी आरक्षण पर एमपी हाईकोर्ट ने पूछा-

## अपने ही बनाए कानून को लागू क्यों नहीं कर रही सरकार



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने राज्य शासन से पूछा है कि वह ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के अपने बनाए कानून को ही लागू क्यों नहीं करना चाहती। बुधवार को उन याचिकाओं पर सुनवाई हुई जिसमें विभिन्न भर्तियों में सरकार द्वारा 13 प्रतिशत पदों को होल्ड किए जाने को चुनौती दी गई है।

इस मामले को लेकर करीब तीन सैकड़ा ओबीसी व ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों की याचिकाएं लंबित हैं। मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने अलग-अलग याचिकाओं को लिंक कर एकसाथ सुनवाई के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई नौ दिसंबर को होगी।

### 27 प्रतिशत आरक्षण कानून पर कोई रोक नहीं

याचिकाकर्ता टीकमगढ़ निवासी निकिता सिंह व अन्य की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण के कानून पर कोई रोक नहीं है, इसके बाबजूद सरकार इसे लागू नहीं कर रही है।

पूर्व में पारित एक अंतरिम आदेश का उल्लेख करके महाधिवक्ता ने अंतिम चरण की प्रक्रिया के बाद ओबीसी के हजारों अभ्यर्थियों को होल्ड कर दिया गया है, जोकि अवैधानिक है। इस पर कोर्ट ने महाधिवक्ता से पूछा कि सरकार अपना कानून क्यों लागू नहीं करना चाहती।

### कानून को चुनौती, इसलिए नहीं कर पा रहे लागू : महाधिवक्ता

महाधिवक्ता प्रशांत सिंह की ओर से तर्क दिया गया कि उक्त कानून को याचिकाओं के जरिए चुनौती दी गई है, इसलिए उसे लागू नहीं किया जा रहा है। हाई कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांत का हवाला देते हुए कहा कि विधायिका द्वारा बनाए कानून की जब तक संवैधानिकता निर्णीत नहीं हो जाती, तब तक उसे स्टे नहीं किया जा सकता।

## मप्र में एंटीबायोटिक इंजेक्शन सहित तीन दवाएं सैंपल में फेल

**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में भर्ती और ओपीडी में आने वाले रोगियों को दी जाने वाली तीन दवाएं गुणवत्ता जांच में अमानक मिली हैं। इनमें सेफ्ट्राइक्जोन इंजेक्शन भी शामिल है, जो गंभीर संक्रामक बीमारियों में उपयोग किया जाता है।

इसका अधिकतर उपयोग मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल और सिविल अस्पतालों में किया जाता है। इसके अतिरिक्त स्टेरायड के रूप में उपयोग होने वाला डेक्सोमेथासोन और आक्सीटोसिन इंजेक्शन भी अमानक पाया गया है।




मध्य प्रदेश पब्लिक हेल्थ सप्लाई कॉरपोरेशन ने इन दवाओं का उपयोग रोकने के निर्देश जारी किए हैं। इस वर्ष अभी तक 22 दवाएं अमानक मिल चुकी हैं। सेफ्ट्राइक्जोन इंजेक्शन का उपयोग तब किया जाता है, जब आमतौर पर उपयोग होने वाली एंटीबायोटिक दवाएं असर नहीं करतीं। जिला अस्पताल दमोह के स्टोर से इस इंजेक्शन के सैंपल जांच के लिए केंद्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला कोलकाता भेजे गए थे।

### जांच में दवा की मात्रा मापदंड के अनुसान नहीं

20 सितंबर को गुणवत्ता जांच में पाया गया है कि इंजेक्शन में दवा की मात्रा मापदंड के अनुसार नहीं है। इसके बाद कंपनी जी लैबोरेट्रीज लिमिटेड को दो साल के लिए यह दवा आपूर्ति करने के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। इस दवा की एक्सपायरी मार्च 2026 थी। अच्छा रहा कि खपत ज्यादा होने के पहले ही जांच करा ली गई। इसके अतिरिक्त दवाओं का प्रभाव बढ़ाने के लिए कैंसर सहित गंभीर रोगों में दिए जाने वाला डेक्सामेथासोन सोडियम फास्फेट इंजेक्शन भी अमानक मिला है।

### दवा आपूर्ति करने वाली कंपनी पर कार्रवाई

इसका सैंपल जिला अस्पताल सिवनी ने जांच के लिए केंद्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला कोलकाता भेजा था, जो जांच में अमानक मिला है। इसमें भी दवा की मात्रा मापदंड के अनुसार नहीं मिली है। इस इंजेक्शन का विनिर्माण माह जुलाई, 2023 और एक्सपायरी जून 2025 है। आशंका है कि आधे से अधिक इंजेक्शन का उपयोग हो चुका होगा। दवा आपूर्ति करने वाली कंपनी नंदिनी मेडिकल लैबोरेट्रीज पर इस दवा की आपूर्ति के लिए दो वर्ष तक रोक लगा दी गई है। इसके अतिरिक्त प्रसव के दौरान उपयोग होने वाला आक्सीटोसिन इंजेक्शन भी अमानक पाया गया है।

## इंदौर मारपीट मामले में यूथ कांग्रेस के नेता निलंबित

**इंदौर।** 26 नवंबर को इंदौर एयरपोर्ट पर यूथ कांग्रेस के दो गुटों के नेताओं के बीच मारपीट हो गई थी। भले ही दोनों गुटों ने मामला आपस में सुलझा लिया था, लेकिन घटना को संगठन ने गंभीरता से लिया है। यूथ कांग्रेस ने अमित पटेल को निलंबित कर दिया है। अमित, पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े के समर्थक माने जाते हैं।

दरअसल, इंदौर एयरपोर्ट पर आए यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को शाजापुर में मशाल यात्रा में शामिल होने जाना था। एमपी यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष मितेंद्र



सिंह और पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े चिब को अपनी-अपनी कार में बैठाना चाहते थे। चिब, वानखेड़े की कार में बैठे। इसे खुद वानखेड़े चला रहे थे। वानखेड़े दिल्ली से चिब के साथ ही इंदौर आए थे।

यूथ कांग्रेस के नेताओं का कहना था कि प्रोटोकॉल के तहत चिब को अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह की कार में जाना था। इसी बात पर वानखेड़े और सिंह के गुट में विवाद हुआ। देवास कांग्रेस के नेता और एमपी यूथ कांग्रेस में सचिव विश्वजीत सिंह चौहान ने इंदौर के कांग्रेस नेता अमित पटेल के समर्थक को चांटा मार दिया था। इसके बाद पटेल के समर्थकों ने चिब की कार के साथ चल रहे विश्वजीत चौहान के साथ मारपीट कर दी थी।

### भाजपा ने कसा तंज

इंदौर एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेताओं के बीच हुई मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। यह वीडियो मध्यप्रदेश के यूथ कांग्रेस अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह के सोशल मीडिया अकाउंट पर भी पोस्ट किया गया है।उधर, कांग्रेस संगठन के एक्शन पर बीजेपी ने चुटकी ली है। एमपी बीजेपी के प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने एक्स पर लिखा-जीतू पटवारी के समर्थक मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस अध्यक्ष ने दिग्विजय सिंह के समर्थक विपिन वानखेड़े गुट के अमित पटेल का इस पिटाई कांड के बाद विकेट गिराया।

## भोपाल में ‘पुष्पा-2’ का क्रेज, सारे शो हाउसफुल

**भोपाल।** अर्जुन स्टारर ‘पुष्पा-2 द रूल% का क्रेज मध्यप्रदेश समेत पूरे देश में देखने को मिल रहा है। लंबे समय से इंतजार कर रहे फैंस आज से सिनेमाघरों में फायर पुष्पा का धमाकेदार अंदाज और एक्शन देख पाएंगे। राजधानी भोपाल के सभी सिनेमाघरों में पुष्पा-2 के टिकेट्स की एडवांस बुकिंग हो चुकी है। आज के सारे शो हाउसफुल है।

### ‘दंगल’ और RRR का तोड़ेगी रिकॉर्ड

भोपाल में आज सुबह से ही सिनेमाघरों के बाहर सिनेमा लवर्स की जबरदस्त भीड़ है। पुष्पा-2 को देखने के लिए पहले से ही लोगों ने अपने टिकेट बुक करा लिए थे। भोपाल में टिकट की प्राइज 150 से लेकर 1600 तक है। बता दें कि, रिलीज से पहले ही अल्लू अर्जुन की पुष्पा-2 ने एडवांस बुकिंग में ही 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। लोगों का मानना है कि कमाई के मामले में पुष्पा 2 दंगल और ऋऋऋजैसी सुपरहिट फिल्मों का भी रिकॉर्ड तोड़ देगी।